शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 135 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 10 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# मैं नरेंद्र दामोदर दास मोदी...

**मोदी सरकार 3.0 में 72 नेताओं ने ली मंत्री पद की शपथ, प्रधानमंत्री मोदी की नई टीम में 30 कैबिनेट मंत्री,- पांच राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 36 राज्य मंत्री**





**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री के तौर पर न**रेन्द्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उनके साथ कुल 71 मंत्रियों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इनमें 30 कैबिनेट मंत्री, पांच राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और 36 राज्य मंत्री हैं। प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी के शपथ लेने के बाद राष्ट्रपति ने राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, निर्मला सीतारमण और एस. जयशंकर को कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को भी इस बार मंत्रिमंडल में स्थान मिला है। मनोहरलाल ने एस. जयशंकर के बाद शपथ ली। वहीं, एनडीए के सहयोगी दलों में सबसे पहले एचडी कुमारस्वामी ने शपथ ली। फिर हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के नेता एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी और जनता दल (यू) के नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने भी कैबिनेट मंत्री की शपथ ली। उसके बाद तेलगु देशम पार्टी के नेता किंजरापु राम मोहन नायडू ने शपथ ली।

लोक जनशक्ति पार्टी के चिराग पासवान और नवसारी से सांसद बने सीआर पाटिल ने भी शपथ ली। इनके अलावा, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, सवानंद सोनोवाल, वीरेंद्र सिंह, प्रह्लाद जोशी, जुएल ओराम, गिरिराज सिंह, अश्वनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, भूपेन्द्र यादव, गजेन्द्र सिंह शेखावत, अन्नपूर्णा देवी, किरण रिजिजू, हरदीप सिंह पुरी, मनसुख मंडाविया और जी किशन रेड्डी ने शपथ ली।


**राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार–** कैबिनेट मंत्रियों के बाद राष्ट्रपति ने स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्रियों शपथ दिलाई। जिन पांच सांसदों को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के तौर पर शपथ दिलाई गई, उनमें अर्जुनराम मेघवाल, प्रतापराव जाधव, राव इंद्रजीत सिंह, जितेंद्र सिंह और जयंत चौधरी शामिल हैं।

**ये बनाए गए राज्यमंत्री–** जितिन प्रसाद, श्रीपद नाईक, पंकज चौधरी, कृष्णपाल गुर्जर, रामदास अठावले, रामनाथ ठाकुर, नित्यानंद राय, अनुप्रिया पटेल, वी सोमन्ना,
पी चंद्रशेखर, एसपी सिंह बघेल, शोभा करंदलाजे, बीएल वर्मा, कीर्ति वर्धन, सिंह, शांतनु ठाकुर, सुरेश गोपी, एल मुरुगन, अजय टम्टा, बंडी संजय कुमार, कमलेश पासवान, भगीरथ चौधरी, सतीश चंद्र दुबे, संजय सेठ, रवनीत सिंह बिट्टू, दुगार्दास उइके, रक्षा खडसे, सुकांता मजूमदार, सावित्री ठाकुर, तोखन साहू, डॉ राजभूषण चौधरी, भूपति राजू श्रीनिवासन, हर्ष मल्होत्रा, निमुबेन बंभानिया, मुरलीधर मोहोल, जॉर्ज कुरियन, पबित्रा मार्गेरिटा।

## 6 पूर्व मुख्यमंत्रियों ने भी ली, बने कैबिनेट मंत्री

**नरेन्द्र मोदी** ने लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ले ली है। पीएम मोदी के बाद राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, जय प्रकाश नड्डा ने तो शपथ ली ही इसके साथ ही पांचवे नंबर पर मध्य प्रदेश के 16.5 साल मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान ने भी शपथ ली। इसके साथ ही पीएम मोदी की कैबिनेट में छह पूर्व मुख्यमंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली है। इसमें हम पार्टी के एक मात्र सांसद और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ असम के 14वें मुख्यमंत्री रहे सबानंद सोनोवाल ने भी शपथ ली।

**मनोहर लाल की जगह नायब सिंह को बनाया गया था सीएम** : मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटाकर करनाल से चुनाव लड़वाया गया था।



**शिवराज सिंह करेंगे कमाल**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को लेकर काफी समय से अटकलें लगाई जा रही थी। लेकिन 9 जून की शाम जैसे ही पांचवें नंबर पर शिवराज सिंह का नाम शपथ के लिए एनाउंस किया गया दर्शक दीर्घा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज गई।

**जीतन राम मांझी के नाम रिकॉर्ड**

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने 80 की उम्र में पहली बार लोकसभा चुनाव जीता है और केंद्र में मंत्री बन कर रिकॉर्ड भी बनाया है। मांझी हम पार्टी के संस्थापक हैं।

**सवानंद सोनोवाल ने ली मोदी कैबिनेट में मंत्री**

सवानंद सोनोवाल ने मोदी कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली। सवानंद सोनोवाल असम के 14वें मुख्यमंत्री रहे हैं. सोनोवाल को बीजेपी ने डिब्रूगढ़ संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतारा था।

**कुमारस्वामी कर्नाटक से केंद्र तक**

मोदी कैबिनेट में छह पूर्व मुख्यमंत्रियों को शामिल किया गया है।

**पूर्व यूपी के सीएम राजनाथ सिंह**

पीएम मोदी के बाद राजनाथ सिंह ने ही मोदी 3.0 में सबसे पहले शपथ लेने वाले कैबिनेट मंत्री रहे।

## मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री

1. नरेंद्र मोदी
2. राजनाथ सिंह
3. अमित शाह
4. नितिन गडकरी
5. जेपी नड्डा
6. शिवराज सिंह
7. निर्मला सीतरमण
8. एस जयशंकर
9. मनोहर लाल खट्टर
10. एचडी कुमारस्वामी
11. पीयूष गोयल
12. धर्मेंद्र प्रधान
13. जीतनारम मांझी
14. राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह
15. सवार्नंद सोनेवाल
16. डॉक्टर वीरेंद्र कुमार
17. राम मोहन नायडू
18. प्रह्लाद जोशी
19. जुएल ओरांव
20. गिरिराज सिंह
21. अश्विनी वैष्णव
22. ज्योतिरादित्य सिंधिया
23। भूपेंद्र यादव
24। गजेंद्र सिंह शेखावत
25. अन्नपूर्णा देवी
26. किरण रिजिजू
27. हरदीप पुरी
28. मनसुख मांडविया
29. जी किशन रेड्डी
30. चिराग पासवान

## केंद्रीय मंत्रिमंडल में छत्तीसगढ़ को प्रतिनिधित्व मिलना गौरवशाली क्षण: सीएम साय



**रायपुर।** नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में रविवार को आयोजित प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित केंद्रीय मंत्री परिषद के सदस्यों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद तोखन साहू ने भी केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। जिस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खुशी जताई है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद श्री साय ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि नवगठित एनडीए सरकार में छत्तीसगढ़ की बिलासपुर लोकसभा सीट से सांसद तोखन साहू को मंत्रिमंडल में स्थान मिला है, यह छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरवशाली क्षण है।

## केंद्र में घटा यूपी का कद, ठाकुर- ब्राम्हण, जाट समेत यूपी के खाते में आए 9 मंत्री



**नरेंद्र मोदी** ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली. इस बार के मंत्रिमंडल में उत्तर प्रदेश के खाते से 9 मंत्रियों ने शपथ ली, इस लिहाज से केंद्र सरकार में यूपी का कद घटता हुआ दिखाई दे रहा है।

मोदी सरकार 2.0 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत उत्तर प्रदेश से 15 मंत्री थे। हालांकि अब मोदी 3.0 में यूपी से 9 मंत्रियों ने शपथ ली, क्योंकि पिछले सरकार के 6 मंत्री चुनाव हार चुके हैं। जिसमें स्मृति ईरानी, कौशल किशोर, भानु प्रताप वेम्रा, संजीव बालियान, साध्वी निरंजन ज्योति और अजय मिश्रा टेनी शामिल हैं। पीएम मोदी के साथ उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी नेताओं ने भी शपथ ली। यूपी से इस बार नौ मंत्रियों ने शपथ ली, मोदी 3.0 में यूपी से इस बार राजनाथ सिंह , जितिन प्रसाद, पंकज चौधरी, अनुप्रिया पटेल, जयंत चौधरी, बीएल वर्मा, कीर्ति वर्धन सिंह, एसपी सिंह बघेल और कमलेश पासवान ने मंत्री पद की शपथ ली। इन 9 मंत्रियों में 2 मंत्री ठाकुर समाज से (राजनाथ सिंह और कीर्तिवर्धन सिंह), 1 ब्राह्मण समाज से (जितिन प्रसाद), 2 कुर्मी समाज से (पंकज चौधरी और अनुप्रिया पटेल), 1 जाट समाज से (जयंत चौधरी), 1 लोधी समाज से (बीएल वर्मा ) 2 दलित समाज से (एसपी सिंह बघेल और कमलेश पासवान ) लोगों को जगह मिली है।

**जानें कौन है मोदी 3.0 के यूपी के 9 मंत्री** : राजनाथ सिंह भाजपा के बड़े नेताओं में शुमार हैं। मोदी सरकार में पहले कार्यकाल में गृह मंत्री दूसरे कार्यकाल में रक्षा मंत्री रह चुके हैं। तीसरे कार्यकाल में भी उनको बड़ा पोर्टफोलियो मिलने की संभावना है।

राजनाथ सिंह लखनऊ से लोकसभा का चुनाव जीत करके गए हैं, हालांकि उनके चुनाव में जीत के अंतर का नारा 5 लाख पार का नारा दिया गया था जीत के अंतर का लेकिन तकरीबन डेढ़ लाख के करीब से ही राजनाथ सिंह की जीत हो पाई है। राजनाथ सिंह बीजेपी के पुराने नेताओं में से एक हैं, राजनाथ सिंह ने समाजवादी पार्टी से अपने निकटतम प्रतिबंध रविदास मल्होत्रा को 135159 वोटो से हराया था। जितिन प्रसाद 2022 विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा में शामिल हुए थे। उसके बाद भाजपा से एमएलसी बनाए गए और मौजूदा योगी आदित्यनाथ की सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री रहे। इस बार जितिन प्रसाद ने पीलीभीत से चुनाव लड़ा और जीते, जितिन प्रसाद पूर्व में कांग्रेस के बड़े नेता रहे हैं।

## शपथ ग्रहण समारोह में अंबानी-अडानी भी रहे मौजूद



**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के निर्वाचित नेता नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में सात देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ मशहूर फिल्मी हस्तियां मौजूद रहीं। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी भी शपथ ग्रहण समारोह में नजर आए। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिडेट (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी, उनके बेटे अनंत अंबानी और अभिनेता शाहरुख खान भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचे। वहीं, अडानी समूह के प्रमुख गौतम अडानी भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहे।

## मोदी सरकार में राज्य मंत्री

| | |
|---|---|
| राव इंद्रजीत सिंह | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार |
| जितेंद्र सिंह | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार |
| अर्जुन राम मेघवल | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार |
| प्रतापराव जाधव | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार |
| जयंत चौधरी | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार |
| जितिन प्रसाद | राज्य मंत्री |
| श्रीपद यशो नाइक | राज्य मंत्री |
| पंकज चौधरी | राज्य मंत्री |
| कृष्णपाल गुर्जर | राज्य मंत्री |
| रामदास आठवले | राज्य मंत्री |
| रामनाथ ठाकुर | राज्य मंत्री |
| नित्यानंद राय | राज्य मंत्री |
| अनुप्रिय पटेल | राज्य मंत्री |
| वी सोमन्ना | राज्य मंत्री |
| चंद्रशेखर पेम्मासानी | राज्य मंत्री |
| एसपी सिंह बघेल | राज्य मंत्री |
| शोभा करांदलाजे | राज्य मंत्री |
| कीर्तिवर्धन सिंह | राज्य मंत्री |
| बनवारी लाल वर्मा | राज्य मंत्री |
| शांतनु ठाकुर | राज्य मंत्री |
| सुरेश गोपी | राज्य मंत्री |
| एल मुरुगन | राज्य मंत्री |
| अजय टम्टा | राज्य मंत्री |
| बंडी संजय कुमार | राज्य मंत्री |

## पीएम मोदी की नई सरकार में किस राज्य को कितनी हिस्सेदारी



**गुजरात से कितने मंत्री? :**
गुजरात से कुल 6 मंत्रियों को जगह मिली है। इनमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हैं, जो कि प्रदेश से राज्यसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

**ओडिशा से कितने मंत्री? :**
ओडिशा में भाजपा ने इस बार 21 सीटों में से 20 सीटें जीती हैं। इस तरह से मोदी 3.0 में ओडिशा की हिस्सेदारी 2.13% की रही है।

**कर्नाटक को मंत्रिपरिषद में कितनी हिस्सेदारी?** : क करीब 6.11 करोड़ जनसंख्या वाले राज्य से 5 नेताओं को मंत्री बनाया गया है।

**महाराष्ट्र से कितने नेताओं को मंत्रिपरिषद में मिली जगह? :**
राज्य से 6 नेताओं को सरकार में जगह दी गई है।

**मध्य प्रदेश से कितने नेता बने मंत्री?** : यहां से 5 सांसदों को मंत्री बनाया गया है।

**उत्तर प्रदेश से मंत्री बनने वालों की संख्या?** : उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं। इस बार यहां बीजेपी की अगुवाई वाले एनडीए की सीटें काफी कम हो गई हैं और वह सिर्फ 36 सीटें जीत सका है। लेकिन, राज्य से सबसे ज्यादा 10 नेताओं को मोदी मंत्रिपरिषद में इस बार जगह दी गई है।

**बिहार से कितने सांसदों को मिली मंत्रिपरिषद में जगह? :**
राज्य से 8 नेताओं को मौका दिया गया है।

**राजस्थान से कितने नेता बने मंत्री? :** राज्य से 4 मंत्रियों को मोदी मंत्रिपरिषद में जगह दी गई है। इस तरह से 8.36 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले राज्य को नई सरकार में 2.84% का प्रतिनिधित्व मिला है।

**हरियाणा से 3 मंत्री बनाए गए :**
हरियाणा में लोकसभा की 10 सीटें हैं और बीजेपी 5 सीटें जीती है। 2.53 करोड़ से ज्यादा आबादी वाले राज्य से 3 नेताओं को मंत्री बनने का मौका मिला है।

**केरल से 2 मंत्रियों को मौका :**
केरल में लोकसभा की 20 सीटें हैं और बीजेपी वहां पहली बार एकमात्र सीट जीत सकी है। लेकिन, इस राज्य से 2 नेताओं को कैबिनेट में जगह दी गई है।

**तेलंगाना से भी 2 नेता बने मंत्री**: यहां भी दो सांसदों को मंत्रिपरिषद में जगह दी गई है

**तमिलनाडु से कौन बना मंत्री? :**
7.2 करोड़ से ज्यादा की जनसंख्या वाले राज्य से 1 नेता को सरकार में जगह दी गई है।

**झारखंड** से 2 नेताओं को मोदी मंत्रिपरिषद में जगह दी गई है।

**छत्तीसगढ़** से 1 नेता को **मिला मंत्री बनने का मौका।**

**आंध्र प्रदेश से** मोदी ने अपनी सरकार में राज्य से 3 नेताओं को मंत्री बनाया है।

**पश्चिम** बंगाल से 2 सांसदों को मंत्रिपरिषद में जगह

**पंजाब** से 1 नेता बने मंत्री

**असम** से भी 2 नेता बने मंत्री

**उत्तराखंड** से 1 सांसद मंत्री बनाए गए

दिल्ली को भी मंत्रिपरिषद में मिली हिस्सेदारी

**गोवा से 1 मंत्री**

**जम्मू और कश्मीर से भी 1 मंत्री**

**अरुणाचल से भी 1 मंत्री**

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले हिमाचल प्रदेश का राज्यसभा में प्रतिनिधित्व करते थे। लेकिन, अब वे गुजरात से राज्यसभा सांसद हैं।

**ये राज्य रह गए खाली हाथ! :**
हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। इनमें से हिमाचल से बीजेपी ने सभी 4 और त्रिपुरा से दोनों सीटें जीती हैं। इनके अलावा चंडीगढ़, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव, लद्दाख, लक्षद्वीप और पुडुचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेशों का भी कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।

## मोदी 3.0 में शिवराज और नड्डा भी बने सरकार का हिस्सा



**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** के तौर पर नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उनके साथ आज 30 सांसदों ने कैबिनेट मंत्री और 5 सांसदों ने राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के तौर पर शपथ ली। सभी ने हिन्दी में शपथ ली। मोदी 2.0 में शामिल ज्यादातर मंत्री इस बार भी मंत्रिमंडल में शामिल हैं। शीर्ष तीन नेताओं में राजनाथ, अमित शाह और नितिन गडकरी शामिल रहे। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शपथ ली। नड्डा मोदी 1.0 में मंत्री रह चुके हैं जबकि चौहान पहली बार केन्द्र में मंत्री बनाए गए हैं। इसके बाद निर्मला सीतारमण और डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर ने शपथ ली। दोनों मोदी 2.0 में क्रमशः वित्त एवं विदेश मंत्री रहे हैं। संभावना है कि इस बार भी दोनों को यही पदभार मिले। दोनों ने अंग्रेजी ने शपथ ली।

# नदी में नहाने गए युवक की डूबने से हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**



**कौधियारा।** कौंधियारा के देवरा स्थित टोंस नदी में नहाने गये एक युवक की डूबने से हुई मौत । रौहा गाँव निवासी करन भारतीया उम्र 20 वर्ष रविवार को अपने दोस्तों के साथ पटपर नदी नहाने गया था। नहाते समय उसके साथी का पैर फिसल गया और वो पानी में डूबने लगा साथी को डूबते देख करन उसे बचाने गया और पानी की तेज धारा के चलते करन नदी में समा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को ढूंढने में लगी है। मौके पर पहुंचे परिजन का रो रो के बुरा हाल है। कुछ दिन पहले देवरा स्थित पाटलेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी के साथ अभद्रता तथा मारपीट की गई थी जिसको लेकर गाँव के लोगो ने थानाध्यक्ष कौंधियारा को लिखित शिकायत दे कर आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग की थी। लेकिन अभी तक आरोपी फरार है। भीषण गर्मी के चलते पटपर स्थित टौंस नदी में हजारों की संख्या में लोग प्रयागराज, मध्य प्रदेश से नहाने आते है। और माँस, मदिरा के साथ पिकनिक मानते है। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता के के मिश्रा ने लोगो की सुरक्षा के दृष्टिगत कई बार थानाध्यक्ष से अपील किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। भीषण गर्मी के दौरान बिना सुरक्षा के पटपर टौंस नदी में हजारों की संख्या में भीड़ जमा होती है। आये दिन लोगो की बाइक चोरी होती है। मंदिर के पास लोग माँस, शराब का सेवन करते है। सब कुछ जानते हुये भी प्रशासन मौन है।

## राशन कार्ड बरकरार रखने के लिए 30 जून से पहले करा लें ई केवाईसी

**जसरा प्रयागराज।** तहसील बारा के आपूर्ति निरीक्षक नंदकिशोर यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन से प्राप्त आदेश के अनुसार 30 जून 2024 के पहले समस्त कार्ड धारक मुखिया तथा कार्ड में अंकित सदस्य अपनी ईकेवाईसी अनिवार्य रूप से करा ले । आपूर्ति निरीक्षक एन के यादव ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि ई केवाईसी करते समय जहां परिवार के मुखिया को मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है वहीं ई केवाईसी समय पर करा लेने से कार्ड धारक को खाद्यान्न प्राप्त करने में किसी तरह के असुविधा नहीं होगी। यह भी बताया गया कि राशन कार्ड लाभार्थियों के डाटा बेस में सीटेड आधार नंबर का समुचित वेलिडेशन नहीं है जिसकी वजह से खदान वितरण में समस्या आ रही है । इसलिए जून माह से ही ईकेवाईसी अभियान चलाया जा रहा है । इसी के साथ समस्त कार्ड मोबाइल नंबर से भी जुड़ जाएंगे । समस्याओं से बचने के लिए समस्त कार्ड धारक अपने दुकानदार से मिलकर के ई केवाईसी कराना सुनिश्चित कर लें।

## सपा समर्थन से जीते ब्लॉक प्रमुख पुनः विश्वास मत हासिल करें : रेवती रमण

**नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें**



**करछना।** प्रयागराज पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने जमुनापार के विभिन्न ब्लाकों से प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मिलने के लिए आये, उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह की शानदार जीत की बधाई दी और अधिकतर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने प्रमुख के खिलाफ अविश्वास व्यक्त करते हुए धांधली अनियमितता पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि आप के निर्देशन में हम लोगों ने भाजपा सरकार के विपरीत जाकर समाजवादी पार्टी के ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी के पक्ष में वोट कर उन्हें विजयी बनाया लेकिन प्रमुख लोग मौकापरस्त निकले सपा के टिकट से जीतने के बाद निजी स्वार्थवश भाजपा ज्वाइन कर लिया और जिन्होंने इनको वोट देकर जिताऐ हैं उनको दरकिनार कर अपने चहेतों को काम दे रहे हैं। सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कहा कि नैतिकता के आधार पर सपा के टिकट से ब्लाक प्रमुख बनें सभी को इस्तीफा दे देना चाहिए यदि ये इस्तीफा नहीं देते हैं तो आप लोग ऐसे सभी ब्लाक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाये मैं उसका समर्थन करूंगा।क्योंकि जनता में इनका कुछ भी नहीं है लगभग सभी एकाध अपवाद को छोड़ दिया जाय तो यह लोग प्रमुख बनने के बाद सपा में रहतें 2022 के विधानसभा में अपना गांव नहीं जीता पाये और जब भाजपा में गयें तो 2024 के लोकसभा चुनाव में अपना गांव नहीं जिता पायें ऐसे लोगों को पद पर बनें रहने का अधिकार नहीं है।

## लालापुर के शिखर शुक्ल ने किया नीट क्वालीफाई, दी गई बधाई




**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र के नौड़िया गांव निवासी पूर्व सेना के कर्मी के पुत्र शिखर शुक्ल ने पिछले वर्ष में ही इंटर की परीक्षा पास की और मात्र एक ही वर्ष की तैयारी के बाद ही 2024 की नीट परीक्षा में 720अंक में 670 अंक पाकर क्वालीफाई किया है । शिखर शुक्ल के क्वलाफाई करने से क्षेत्र के लोगो में खुशी का माहौल है । शिखर के बाबा रविशंकर शुक्ल इंटर कॉलेज के प्रवक्ता के पद से सेवानिवृत है। पोते के क्वालीफाई होने पर वे बेहद खुश है । शिखर के कामयाब होने की सूचना पर क्षेत्र के लालापुर निवासी दीपक पांडेय ,शंकरलाल पांडेय मनोज त्रिपाठी, सहित कई लोगो ने शिखर के घर जाकर उन्हें शुभकामनाएं दी है।

## भाजपाईयों ने मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर हुए गदगद

**सहसों।** देश की बड़ी असेंबली में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर सहसों में भाजपाइयों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर भाजपा नेता वीरेंद्र बहादुर सिंह, जय प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होने के साथ सशक्त राष्ट्र निर्माण होगा। उनके नेतृत्व वाली सरकार से भारत के हर क्षेत्र में विकास की गाथा लिखी जाएगी। इस मौके पर राजधर द्विवेदी, डॉक्टर मनीष तिवारी, चिन्तामणि शुक्ल, विनीत शुक्ल, राहुल सिंह, अमन सिंह राजपूत, शनी सिंह एवं राम कुमार सोनी आदि रहे। इसी प्रकार चिरौड़ा चौराहे पर भाजपाइयों ने तीसरी बार मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर जश्न मनाया। इस मौके पर राकेश प्रसाद मिश्रा, सत्यम हिंदू, विमल मिश्रा, पवन शुक्ला, छोटेलाल पाल आदि रहे।

# वाटर मैनेजमेंट के कार्य में बेस्ट मैनेजर अवार्ड से नवाजे गए प्रेम शंकर सिंह

**नोएडा के इंडो एक्सपो सेंटर में आयोजित हुआ अ.भा. महापौर एवं आर डब्लयू ए का शिखर सम्मेलन**

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडो एक्सपो सेंटर में अखिल भारतीय महापौर एवं आरडब्ल्यूए का शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में देशभर के 36 जनपदों से महापौर के साथ अन्य उद्यमी पहुंचे थे। सम्मेलन के पहले सत्र में भूजल दोहन विषय पर चर्चा की गई। कोरवा - यूपी के अध्यक्ष डॉ. पवन कौशिक के मुताबिक सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों के 36 मेयर व नगर आयुक्तों ने भाग लिया। जिसका उद्घाटन आंध्रप्रदेश सरकार के सलाहकार राजन छिब्बर ने किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता एटानगर के महापौर तामे पहसंग ने किया। ऑल इंडिया मेयर सम्मेलन व उद्यमियों के समागम में प्रयागराज के मेजा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गिरिराज चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम शंकर सिंह को वाटर मैनेजमेंट में कार्य करने के लिए बेस्ट मैनेजर।अवार्ड से नवाजा गया। शिखर सम्मेलन में पहुंचे।प्रयागराज मेयर गणेश केसरवानी को जब जानकारी हुई। कि वाटर मैनेजमेंट में कार्य करने के लिए बेस्ट मैनेजर अवार्ड से जिन्हे नवाजा गया वह अन्यत्र नहीं।प्रयागराज के ही निवासी हैं तो वह अपने दिल्ली प्रवास के दौरान धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए भाजपा नेता प्रेम शंकर सिंह के नोएडा स्थित आवास पर पहुंच सप्रेम मुलाकात की, अपने खास मुलाकात के दौरान आपस में प्रयागराज के राजनीतिक विषयों पर विस्तार रूप से चर्चा की।

# डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**एसोसिएशन के पंजीकृत कार्यालय स्थित गर्ग गेस्ट हाउस में हुए साधारण सभा की वार्षिक बैठक**

**अखंड भारत संदेश**




**मेजा।** डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए),प्रयागराज के साधारण सभा 2023-24 की वार्षिक बैठक एसोसिएशन के पंजीकृत कार्यालय मेजारोड स्थित गर्ग गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। जिसमें राष्ट्रीय गान के पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। इस दौरान अवैतनिक महासचिव आर.पी. शुक्ला द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात कुमार राय ने सभा की अध्यक्षता की तथा एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष के.बी.एल. श्रीवास्तव द्वारा सभा के समक्ष वार्षिक आय-व्यय व्योरा प्रस्तुत किया गया। जिसका अनुमोदन सर्वसम्मति से हुआ। उक्त अवसर पर वॉलीबाल के कई भूतपूर्व खिलाड़ियों ने डीवीए की सदस्यता ग्रहण की और जिला कार्यकारिणी समिति में चल रहे रिक्त पद पर कृष्ण प्रताप सिंह, रामाश्रय राय और अल्ताफ अली को जगह दी गई। वही एसोसिएशन में पिछले 10 वर्षों से अनवरत सक्रिय सदस्य के रूप में कार्यरत सरदार निरंजन सिंह, सी.पी.मिश्रा व पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी जॉर्डन एच.नाथ को सर्वसम्मति से एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता प्रदान की गई। अंत में एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य रहे स्वर्गीय सतीश चंद्र मिश्रा व स्व.गजराज सिंह,जिनकी इस वर्ष असामयिक मृत्यु हो जाने पर वॉलीबाल खेल जगत की अपूर्णीय क्षति हुई है,जिनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सभा मे उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# नैनी अरैल के गंगा तट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी के सौजन्य से कार्यक्रम अधिकारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में रविवार को ज्येष्ठ मास में अरैल के गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि हमें नदियों की निर्मलता एवं स्वच्छता के प्रति सजग एवं जागरूक होना चाहिए जिससे कि हमारी संस्कृति एवं धरोहर मां गंगा हमेशा इस धरती पर पावन पवित्रता के साथ साथ निरंतर झर झर कल कल करती हुई बहती रहे। प्रबंधक सचिव कुंवर जी तिवारी ने कहा कि संस्थान द्वारा निरंतर छः वर्षों से गंगा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ साथ लगातार अबकी तीसरे वर्ष सेल्फी प्वाइंट अरैल पक्के घाट पर आगामी 16 जून को गंगा

**अरैल पक्के घाट पर 16 जून को गंगा दशहरा पर भव्य भंडारा का आयोजित किया जाएगा : कुंवर जी तिवारी**



दशहरा पर भव्य भंडारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मनीष पांडेय, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, संदीप केसरवानी, आत्म प्रकाश यादव, बब्रुवाहन सिंह, धीरज राजवानी, अभिषेक यादव, विनोद गुरानी, प्रवीण तिवारी,सौरभ यादव, उज्जवल यादव, शनि यादव,गौरव यादव, कार्तिकेय तिवारी, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर लालापुर चौराहे पर पटाखे फोड़कर मनाई गई खुशीयां



**लालापुर।** रविवार को लालापुर चौराहे पर नरेंद्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकताओं ने पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता दीपक पाण्डेय ने कहा कि आज का दिन भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिन है, जिसे इतिहास हमेशा याद रखेगा।दीपचंद्र शुक्ला ने कहा कि मोदी जी ने देश को जिस ऊंचाई पर पहुँचाया है, उसे इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया जाएगा।आज देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी भारत का डंका बज रहा है जो केवल मोदी जी की देन है। इस मौके पर भाजपा मनकामेश्वर मंडल अध्यक्ष शंकरलाल पाण्डेय, मंडल महामंत्री शैलेंद्र पाण्डेय, मनोज त्रिपाठी, सतीश शुक्ला,वरिष्ठ पत्रकार मंगला प्रसाद तिवारी, होरीलाल केसरवानी,अवधेश पाण्डेय, अनूप मिश्रा, विजय कुमार पांडेय, संदीप केसरवानी, रमेश पाण्डेय, बबलू पाण्डेय, आशीष साहू,शिवपूजन उपाध्याय सहित दर्जनों लोग रहे।

## चुनाव परिणाम आने के बाद लोगों ने हनुमान जी को चढ़ाया 21 किलो लड्डू

**सहसों।** क्षेत्र के नवयुवक समाजसेवियों ने लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद प्रत्याशियों के कहीं हार तो कहीं जीत के खुशी में हनुमान जी को मंदिर में जाकर 21 किलो लड्डू चढ़ाकर अपनी मन्नत को पूरा किया। इस अवसर पर समाजसेवी व पूर्व प्रधान कसेरुआ कला राहुल केसरवानी एवं क्रांतिकारी गुरु गणेश वल्लभ नहीं बताया कि जिस तरह से कौशांबी की प्रत्याशी विनोद सोनकर द्वारा श्रवण एवं व्यापारियों के प्रति अभद्र टिप्पणी किया गया। जिसको लेकर सवर्णों एवं व्यापारियों में खासी नाराजगी दिखाई पड़ी जिसका परिणाम जलालत झेलते हुए उनकी हर में तब्दील हो गई। उन्होंने कहा विनोद सुनकर के अभद्र टिप्पणी से पूरा सवर्ण एवं व्यापारी समाज बेहद आहत हुआ। इस चुनाव परिणाम से ऐसे प्रत्याशियों को सबक लेने की आवश्यकता है। वहीं दूसरी ओर फूलपुर के नवनिर्वाचित सांसद प्रवीण पटेल की जीत की खुशी में हर्ष जताया गया। इस मौके पर अभिलाष केसरवानी, अमित जायसवाल, आशीष बिन्द, दिनेश केसरवानी एवं शिवम केसरवानी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ लेने के बाद फोड़े गए पटाखे, मनाया जश्न

**भाजपा कार्यालय कोरांव पर पूर्व चेयरमैन के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम**

**अखंड भारत संदेश**



**कोरांव प्रयागराज।** देश में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनाने व नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की लगातार तीसरी बार शपथ लेने के बाद उत्साही कार्यकताओं ने कोरांव बाजार में जमकर जश्न मनाया और खूब पटाखे भी फोड़े। कोरांव बाजार के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर नगर पंचायत कोरांव के पूर्व अध्यक्ष नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां नगर के लोगों ने मोदी के तीसरी सरकार के शपथ समारोह को एलइडी टीवी के स्क्रीन पर देखा और कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई भी दी। नगर पंचायत कोरांव के पूर्व अध्यक्ष नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी तथा देश के प्रति समर्पण की भावना को देखते हुए देश की जनता ने उन्हें लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने का काम किया। उन्होंने कहा तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनकर देश के विकास एवं गरीबों की तरक्की के साथ-साथ किसान एवं मजदूर तथा व्यापारियों के कल्याण की योजनाएं चलाकर समुचित विकास करने का काम करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख से रामकृष्ण केसरी, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह पटेल, सीताराम सिंह, सभासद शैलेश सिंह शैलू, सरदार त्रिलोक सिंह समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे।

# सामूहिक विवाह में एकदूजे के हुए 11 जोड़े





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** चौरसिया समाज सेवा ट्रस्ट और अखिल भारतीय चौरसिया युवा महोत्सव की ओर से रविवार को कटरा स्थित राम वाटिका में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। जिसमें चौरसिया समाज के 11 जोड़ों ने सात फेरे लिए। गीत, संगीत से सजे भव्य समारोह में जयमाल के बाद मंडप में वैदिक विधान से मंत्रोच्चार के साथ वैवाहिक रस्में निभाई गईं। विवाह से पूर्व धूमधाम के साथ बारात रामवाटिका पहुंची। वर-वधू दोनों पक्ष की महिलाओं और चौरसिया समाज की महिला मंडली की ओर से मांगलिक गीत की प्रस्तुति की गयी।मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री कैलाश चौरसिया, किन्नर अखाड़ा की कल्याणी नंद गिरि, अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया और अतिथियों ने वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। किन्नर अखाड़ा और चौरसिया समाज की ओर से वर-वधू को गृहस्थी की सामग्री और उपहार भेंटकर सुखमय जीवन की मंगल कामना की। भोजपुरी गायक रवीन्द्र रसीला ने मांगलिक और भोजपुरी गीत प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। इस मौके पर नेत्र शिविर भी लगाया गया। चौरसिया समाज के महासचिव विकास चौरसिया ने कहा कि सामूहिक विवाह आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत सुधीर चौरसिया, ओम प्रकाश चौरसिया, संजय चौरसिया,भगवान दास चौरसिया, सोमनाथ चौरसिया मौजूद रहे।

### महाकुंभ में 25 हजार बेड का बनेगा अतिथि निवास, 55 सुइट का सर्किट हाउस

प्रयागराज। लोकसभा चुनाव के बाद महाकुंभ-2025 को ग्रीन, क्लीन बनाने के लिए मेला प्राधिकरण ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को अस्थायी कार्यों के लिए टेंडर जारी कर दिए गए। भव्य गंगा पंडाल, कन्वेंशन सेंटर, जर्मन हैंगर स्टाइल वाले पंडाल, पैगोड़ा स्टाइल वाले टेंटेज के लिए कंपनियां आमंत्रित की गईं। इस बार महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। ऐसे में श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए के लिए अभी से इंतजाम शुरू कर दिए गए हैं।पहली बार इस महाकुंभ मेला क्षेत्र में अस्थायी सर्किट हाउस और गेस्ट हाउस का निर्माण किया जाएगा। देश-विदेश से आने वाले विशिष्ट जनों और राज्य अतिथियों के लिए मेला क्षेत्र में 55 सुइट का अस्थायी सर्किट हाउस बनाया जाएगा। वीआईपी किला घाट के पास इस सर्किट हाउस का निर्माण शहर के चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस की तर्ज पर कराया जाएगा। इस सर्किट हाउस के पास ही वीआईपी घाट पर डुबकी भी लगाई जा सकेगी।अस्थायी सर्किट हाउस के अलावा मेला क्षेत्र में सेक्टरवाइज 25 हजार बेड के गेस्ट हाउस भी बनाए जाएंगे। वहां टॉयलेट और यूरिनल की भी विशेष सुविधा होगी। गेस्ट हाउस मेला क्षेत्र के कई स्थानों पर बनाए जाएंगे। मेला क्षेत्र में गंगा पंडाल एवं कन्वेंशन-हॉल का भी निर्माण किया जाएगा। जर्मन हैंगर वाले इन पंडालों में 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के बैठने की सुविधा होगी।

## 16 जून से फिर शुरू होगा मालिकाना अधिकार आंदोलन



**नैनी।** नैनी उत्तर प्रदेश की औद्योगिक श्रमिक बस्तियों में रहने वाले लोगों को उनके आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर आगामी 16 जून 2024 से मालिकाना अधिकार आंदोलन फिर से शुरू होगा। ज्ञातव्य है कि चुनाव आचार संहिता एवं धारा 144 लागू होने के कारण लोकसभा चुनाव के दौरान आंदोलन को स्थगित कर दिया गया था। मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर आज श्रमिक बस्ती समिति के पदाधिकारियो की बैठक मानस पार्क में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से आगामी 16 जून से मालिकाना अधिकार आंदोलन फिर से शुरू करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद ने की। बैठक में विनय मिश्र, नंदकिशोर मिश्र, जगबरन सिंह, भूपेंद्र राय राघवेंद्र सिंह गवर्नर, अजमत हुसैन ओमप्रकाश तिवारी, अनीश कुशवाहा, अरुणा पांडे आदि लोग उपस्थित थे।

# संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा में पूछे गए चंद्रयान और आदित्य एल-1 से पूछे गए सवाल

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा में चंद्रयान की लांचिंग और आदित्य एल-1 से जुड़े प्रश्न पूछे गए। परीक्षा में समसामयिक विषयों पर ज्यादा फोकस रहा। उत्तर प्रदेश में यूरेनियम कहां पाया जाता,जैसे प्रश्न आए तो महादेवी को ज्ञानपीठ, जी-20 और टी-20 से जुड़े सवाल भी पूछे गए। कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि पिछले साल की अपेक्षा पेपर सरल रहा लेकिन कुछ ने कठिन बताया। प्रयागराज में 88 फीसदी अभ्यर्थियों ने दोनों पालियों में प्रवेश परीक्षा दी।उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को प्रयागराज के 36 केंद्रों पर हुई। प्रथम पाली सुबह नौ से 12 बजे के मध्य सामान्य ज्ञान और भाषा का पेपर हुआ। सामान्य ज्ञान के प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को खूब झकाया। वहीं, द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक हुई। इसमें एप्टीट्यूट टेस्ट और संबंधित विषय की परीक्षा हुई। परीक्षार्थी अंजलि ने बताया कि सामान्य ज्ञान के प्रश्न मध्यम से कठिन थे। गणित और रीजनिंग उम्मीद से कठिन रहे। जीएस कुछ ज्यादा कठिन था। सामान्य ज्ञान में संविधान पर आधारित प्रश्न पूछे गए थे।बीएड प्रवेश परीक्षा के नोडल अधिकारी प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) राज्य विश्वविद्यालय के प्रो. विवेक कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा में 16300 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इसमें पहली पाली में 14357 (88.09 प्रतिशत) उपस्थित रहे और 1943 (11.92 प्रतिशत) परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। वहीं दूसरी पाली में 14355 (88.06 प्रतिशत) परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 1945 (11.96 प्रतिशत) परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। प्रो. सिंह ने कहा कि बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान काफी सख्ती रही और परीक्षार्थियों की फेस रिकगनिशन साफ्टवेयर के जरिए पहचान सुनिश्चित की गई।

## स्वादिष्ट व्यंजन के लिए संजय ढाबा एंड रेस्टोरेंट का हुआ भव्य उद्घाटन




**सोरांव।** इलाके के उदयचंद पुर ग्राम पंचायत के पंडिला सीआरपीएफ गेट नंबर 2 के सामने ढाबा एंड रेस्टोरेंट का फीता काटकर भव्य उद्घाटन बार एसोसिएशन सोरांव के वरिष्ठ अधिवक्ता ईश्वर चंद्र द्वारा किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। सीआरपीएफ पंडिला गेट नंबर 2 के सामने स्वादिष्ठ, व्यंजन के लिए संजय ढाबा एंड रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन रविवार को वरिष्ठ अधिवक्ता ईश्वर चंद्र ने फीता काटकर किया। इस रेस्टोरेंट में शुद्ध, ताजा और स्वादिष्ठ भोजन अच्छे बावर्ची द्वारा बनाकर किफायती दरों पर कराया जायेगा। इस मौके पर रेस्टोरेंट के संचालक संजय सिंह एडवोकेट व विजय कुमार फौजी, ग्राम प्रधान पति उदय चंद्रपुर संदीप सरोज, ग्राम प्रधान थरवई राजेश कुमार,उद्घाटन समारोह में बार एसोसिएशन सोरांव के मीडिया प्रभारी राजेश कुमार, अधिवक्ता दिनेश कुमार, धर्मेंद्र एडवोकेट, सुरेंद्र कुमार एडवोकेट, विकास कुमार एडवोकेट, डॉक्टर मुकेश कुमार,दुर्गा प्रसाद(स्टेनो) न्यायिक विभाग, वंदना गौतम संग सैकड़ो लोग रहे।

# नैनी चकफैजुल्ला में इलाज के अभाव में तड़प रहा युवक

**नैनी।** नैनी घूरपुर स्थित बसवार कचरा निस्तारण प्लांट में तीन महीने पूर्व पोकलैंड से दबकर बुरी तरह घायल हुए मजदूर की स्थिति दयनीय है। इलाज के अभाव में मरीज घर पर ही पड़ा तड़प रहा है। दूसरी तरफ कार्यदाई संस्था घायल मजदूर को अपना कर्मचारी ही मानने से इंकार कर रही है। नैनी के चकफैजुल्ला मोहल्ला निवासी गोविंद बसवार स्थित कचरा निस्तारण प्लांट में कार्यदाई संस्था हरी भरी में काम करता था। गत नौ मार्च को कचरा मिलने के दौरान उसके ऊपर पोकलैंड मसीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल मजदूर को हरी भरी के कर्मचारियों ने महेवा स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था। कुछ दिन इलाज के बाद मरीज को अस्पताल से घर वापस भेज दिया गया। गोविन्द के परिजनों के अनुसार अब एजेंसी मरीज का इलाज करने में हीलाहवाली कर रही है। गोविंद अब घर पर ही बिस्तर पर पड़ा तड़प रहा है। दूसरी तरफ उसकी पत्नी और चार छोटे बच्चों भी दाने-दाने के लिए मोहताज हैं। वहीं घर वालों ने बताया है कि 2 दिन से उनकी हालत और बिगड़ी हुई है जिससे कि परिवार और भी घबराया हुआ है। इस संदर्भ में हरी-भरी के तत्कालीन मैनेजर ने बताया कि गोविंद हरी-भरी का कर्मचारी नहीं है वह प्लांट में कचरा बिनने जाता था, वावजूद इसके एजेंसी मानवीय आधार पर उसका इलाज करा रही थी



अब डाक्टरों ने स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में इलाज कराने को कहा है जिसके लिए गोविंद के परिवार के लोग तैयार नहीं है। वर्तमान प्लांट मैनेजर रजनीश उपाध्याय ने कहा कि यह मामला मेरे प्लांट में आने से पूर्व का है इसलिए कोई खास जानकारी नहीं है फिर भी घायल मजदूर का यथासंभव सहयोग किया जाएगा।

# मोदी सरकार -3 देश में लिखेगा बड़े फैसलों का नया अध्याय : महापौर गणेश केसरवानी



**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर के कार्यकताओं ने सिविल लाइन सुभाष चौराहे पर ढोल नगाड़े धूम धड़ाके के साथ जश्न मनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरे कार्यकाल की बधाई दी और एलसीडी टीवी लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शपथ समारोह को देखा गया और आतिशबाजी कर दीपावली मनाई गई इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार का तीसरा कार्य काल देश में लिखेगा बड़े फैसलों का लिखेगा नया अध्याय और विकसित भारत के निर्माण में देश को एक नई ऊर्जा देगा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि इसके अलावा भाजपा नेता विजय वैश्य के द्वारा बहादुरगंज में पटाखे फोड़े गए और मिठाई वितरित किए गए और मुट्ठीगंज में नीरज केसरवानी, हटिया चौराहे पर आशीष अग्रहरि, कीडगंज पुलिस बूथ पर युवा मोर्चा के द्वारा पार्षद मुकेश लारा के द्वारा कीडगंज में बाजा गाजा के साथ जश्न मनाया गया इसके अलावा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी एवं मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर ने रक्तदान किया इस अवसर पर निवर्तमान एमएलसी निर्मला पासवान,पार्षद किरन जायसवाल, राम जी केसरवानी, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, पार्षद सुनीता चोपड़ा, आकाश सोनकर श्याम चंद्र हेला,भोला तिवारी, सुशील जैन,,रुद्रसेन जायसवाल, सोनू पाठक, अंगद सिंह पटेल, दीपिका सिंह पटेल, भारत केसरी, अमन केसरवानी संजय मिश्रा एवं सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने मिष्ठान वितरण कर मनाई खुशी





**नैनी।** नैनी के वरिष्ठ भाजपाइयों द्वारा मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के उपलक्ष्य में नैनी के वरिष्ठ भाजपाइयों द्वारा मिष्ठान वितरण करके मोदी जी को शुभकामनाएं दी और देश की जनता का आभार जताया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव, वार्ड 81 के कर्मठ पार्षद मयंक यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील शुक्ला राज सिंह, सुनील विश्वकर्मा, बबलू विधायक, उमेश सेन, मोहन लाल, रमेश पटेल, नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा, मनोज कुमार, सुधीर प्रजापति, प्रदीप कुमार तिवारी मोहित अग्रहरि, शशांक पांडे एवम अनेक भाजपा कार्यकर्ता व आम जनमानस उपस्थित रहे।

# आशीष नेहरा क्लब को पूरे अंक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आशीष नेहरा क्लब ने फाफामऊ क्लब को दो विकेट से हराकर रविकांत अंडर-16 समर क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। दिल्ली पब्लिक स्कूल मैदान पर रविवार को खेले गए मैच में फाफामऊ क्लब ने 31 ओवर में 140 रन (करण 23, विपिन पाल 22, मोहम्मद नूजैफ 16, ऋतुराज यादव 3/23, राहुल कुमार 2/21, आयुष द्विवेदी 2/32) बनाए। जवाब में आशीष नेहरा क्लब ने 19 ओवर में 8 विकेट पर 141 रन (अंशुमान सिंह 36, आयुष सिंह 35, अभ्युदय प्रताप सिंह 24 नाबाद, करण 4/11, उत्कर्ष 2/24) बना लिए। मैच में अरुण कुमार व तौसीफ शेख अंपायर एवं मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।

### रामा कॉन्टिनेंटल और चौधरी नौनिहाल को पूरे अंक, शिवाकांत और अंकित के अर्धशतक

**प्रयागराज।** होटल रामा कॉन्टिनेंटल ने होटल एडवांटेज इन को सात विकेट और चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने फोर्ड स्कूल क्लब को 90 रन से हराकर न्याज टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। चौधरी क्लब के शिवाकांत शुक्ला ने अर्धशतकीय पारी (93 रन, 57 गेंद, 12 चौके, दो छक्का) खेली। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज मैदान पर रविवार को होटल एडवांटेज इन ने 20 ओवर में सात विकेट पर 140 रन (पीयूष मिश्र 44, मानस प्रवाल 26, सक्षम अवस्थी 2/22, अभिषेक पाण्डेय 2/26) बनाए। जवाब में होटल रामा कॉन्टिनेंटल ने 17.3 ओवर में तीन विकेट पर 146 रन (अंकित यादव 74 नाबाद, रोहित राजपाल 39, अमजद अली 2/28) बना लिए। मैच में राहुल सिंह और मोहम्मद आरिफ अंपायर एवं गौरव विजय स्कोरर रहे।

केपी कॉलेज मैदान पर चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 178 रन (शिवाकांत शुक्ला 93, सत्येंद्र 22, कुणाल मिश्र 3/26) बनाकर फोर्ड स्कूल क्लब को 19.5 ओवर में 88 रन (कुणाल मिश्र 23, कुलदीप मिश्र 3/04, कृष्णा यादव 2/16) पर समेट दिया। मैच में हितेश श्रीवास्तव व अजय कुमार अंपायर एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे।

### गैर पंजीकृत प्रतियोगिता में न खेलने के निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने अपनी पंजीकृत टीमों व खिलाड़ियों को निर्देश दिया है कि वह किसी भी गैर पंजीकृत प्रतियोगिता में प्रतिभाग न करें। एसोसिएशन के संयुक्त संयोजक (प्रबंधन) सोमेश्वर पाण्डेय ने बताया है कि सीएवी मैदान पर चल रही अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता यूपीसीए से एफिलिएटेड नहीं है, इसमें खेलने वाली टीमें और खिलाड़ी किसी भी कार्यवाही के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शपथ लेते ही भाजपा कताओं ने बांटी मिठाई



**मांडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने और गृह मंत्री अमित शाह बनने पर मांडा खास काली मां के चौराहे पर भाजपाइयों ने जमकर जश्न मनाया। व सरकार बनने पर मिठाई वितरण किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली है। एनडीए की सरकार बनने की खुशी में मांडा खास में जगह-जगह पर जश्न का माहौल रहा। वही भाजपा कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की। प्रधानमंत्री के जयकारे लगाए। इस अवसर पर विक्रमादित्य कुशवाहा, रामसुख कुशवाहा, भोलानाथ गुप्ता, मुन्नू पांडेय संजय पाण्डेय उर्फ कक्कू,गौरी शंकर गुप्ता बाबा जी वेलवंश, मोछा वेलवंश, लल्लू रावत, गौरव सिंह, राजेंद्र प्रजापति,धर्मेंद्र प्रजापति, बेचन लाल मौर्या मुकेश केशरी, गोपाल जी तिवारी, लाल मणि कुशवाहा, ननकउ गुप्ता, राम प्रसाद, राजेश सोनकर, हनुमान मौर्या,बबलू सोनकर, आदि लोग मौजूद रहे।

# मऊआइमा के ब्लाक बाजार में ईदुल अजहा पर बकरों के खरीदारों की उमड़ी भीड़

## एक लाख साठ हजार जोडा में बिका कुबार्नी का सबसे महंगा बकरा

**अखंड भारत संदेश**



**मऊआइमा।** प्रतापगढ़ हाईवे पर ऐतिहासिक ब्लाक बाजार में बकरा ईद के मद्देनजर इन दिनों किसानों और व्यापारियों को चांदी कट रही है। बताया गया है कि शनिवार और बुधवार को लगने वाली इस साप्ताहिक बाजार में ईदुल अजहा के मौके पर मध्यम दर्जे के बकरे लगभग बारह से पन्द्रह हजार में मिल रहे हैं। जबकि कुबार्नी के शौकीन लोग ऊंचे और खूबसूरत बकरे ले रहे हैं। बताया गया है कि मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला कजियाना कलां निवासी मुजीब ने एक जोडा खूबसूरत बकरा एक लाख साठ हजार रुपए में बेचा। बताया गया है कि किसान एक वर्षों तक बकरे पालते हैं कुबार्नी के मौके पर अच्छे मूल्य में बकरों को बेच कर अपना जरूरी काम करते हैं। बताया गया है कि जो मूल्य बकरीद पर मिल जाते हैं वह फिर नहीं मिलते। ब्लाक बाजार में सब्जी मंडी के अलावा लकडी के सामानों सहित अनेकों प्रकार के किसानों के सामान मिलते हैं। बकरीद के पर्व 17 जून को होने के कारण शनिवार और बुधवार को बाजार में सुबह से भारी भीड उमड पडती है। जहां प्रतापगढ़, सुल्तानपुर,के अलावा दूर दराज के व्यापारी बकरा बेचने और खरीदने आते हैं।

# एक उत्तर पुस्तिका की हैंडराइटिंग मैच न करने पर पीसीएस-जे मुख्य परीक्षा की 18042 कॉपियों की शुरू हुई जांच

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस-जे 2022 की मुख्य परीक्षा में शामिल सभी 3019 अभ्यर्थियों की 18042 उत्तर पुस्तिकाओं का सत्यापन शुरू करा दिया है। एक अभ्यर्थी की अंग्रेजी विषय की उत्तर पुस्तिका में उसकी हैंडराइटिंग मैच नहीं करने संबंधी हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान आयोग ने हलफनामा देकर यह जानकारी दी है। आयोग ने कहा है कि याची की शिकायत के बाद कॉपियों की जांच शुरू कर दी गई है, ताकि हैंडराइटिंग बदले जाने के आरोपों की असलियत सामने आ सके।हाईकोर्ट ने इस मामले में आयोग को एक जुलाई को जांच का परिणाम बताने और याची की सभी उत्तर पुस्तिकाएं प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। याची श्रवण पांडेय ने अपनी अंग्रेजी की उत्तर पुस्तिका में हैंडराइटिंग बदलने की बात कही है। याचिका में कहा है कि आरटीआई के जरिये जब उसने अपनी कॉपी निकलवाई तब अंग्रेजी विषय की उत्तर पुस्तिका में हैंडराइटिंग बदली हुई मिली। हाईकोर्ट में प्रस्तुत हलफनामे में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने कहा है कि इस मामले में याची की ओर से 20 मई को इस आशय का शिकायती पत्र उनके कार्यालय में प्रस्तुत किया गया हैइसमें आपत्ति उठाई गई है कि अंग्रेजी विषय की उत्तर पुस्तिका में उसकी हैंडराइटिंग मैच नहीं कर रही है। प्रकरण की गंभीरता को देख आयोग की ओर से इस गोपनीय प्रक्रिया का पुनः सत्यापन शुरू करा दिया गया है, ताकि पता चल सके कि इस प्रक्रिया में को विसंगति हुई है या नहीं।इस परिप्रेक्ष्य में आयोग की ओर से सभी अभ्यर्थियों की 18042 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच शुरू कर दी गई है। अपने हलफनामे में आयोग ने कहा है कि इस परीक्षा में कुल 3019 अभ्यर्थियों के छह विषयों की 18042 कॉपियों पर अनुक्रमांक के स्थापन पर फेक मास्टर कोड अंकित किए गए हैं। उन्हें डिकोड करने के बाद ही वास्तविक उत्तर पुस्तिका का पता लगाया जा सकेगा। इसके बाद ही इस अभ्यर्थी की अंग्रेजी विषय की कॉपी निकाली जा सकेगी। इसके लिए आयोग ने कोर्ट से कुछ और समय देने का आग्रह किया है। इस संबंध में आयोग के अफसरों से जब जानकारी पूछा गया कि सभी कॉपियों की जांच कराई जा रही है या पुनर्मूल्यांकन कराया जाएगा,तब उन्होंने कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया।

# खाकी के साए में सुपुर्द ए खाक हुए मौलाना फारुक

## मौलाना के परिवार को हर संभव सहायताः सांसद एसपी पटेल

**प्रतापगढ़।** जिले में मौलाना फारुक की निर्मम हत्या पर प्रतापगढ़ सांसद शिवपाल सिंह पटेल (एसपी पटेल) ने कहा कि वह जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के सम्पर्क में हैं और पल-पाल की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी हैं, उन पर कार्यवाही होगी और निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी उनके परिवार के साथ खड़ी है। हर संभव मदद समाजवादी पार्टी की तरफ से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौलाना फारूक साहब का शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान है। वह अपनी कौम की पढ़ाई लिखाई के बारे में हर वक्त बात करते थे शिक्षा से मैं भी जुड़ा हूं तो शिक्षा के बारे में मुझको भी पता है कि कितनी जरूरत होती है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी वकार अहमद ने दी।


मौलाना फारुक के घर पर मौजूद पुलिस बल।

## मौलाना फारुक के मर्डर को न दिया जाए सियासी रंगः अब्दुल हादी

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** जमीयतुल उलमा उत्तर प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी मौलाना अब्दुल हादी ने सोशल मीडिया के जरिए अपील किया कि सभी मदरसे के उलमा और मौलाना फारुक साहब के जनाजे में अधिक से अधिक संख्या में शिरकत करे। उन्होंने कहा की किसी धर्म का एक व्यक्ति गलती करे तो पूरे धर्म के लोग मुजरिम नही बनते। मौलाना ने डी.एम.,और कप्तान से दरखास्त किया कि महरूम फारुक की बेवा की आर्थिक मदद और कानून का पालन कराया जाय। लोगो को शोर गुल व मुर्दा बाद के नारों से परहेज करना चाहिए! इलाज के लिए वह मुंबई में है वरना मौलाना के जनाजे में जरूर शिरकत करते। दो समुदाय के बीच उपजे विवाद के बाद एहतियात के तौर पर सोनपुर गांव में भारी संख्या में पुलिस व पीएसी .तैनात है। गांव में सन्नाटा पसरा है। आरोपियों के अलांवा उनके पड़ोसी भी कल की घटना से भयभीत हैं और घरों में ताले लगाकर फरार हैं। मौलाना फारुक के जनाजे में राज्य सभा सांसद इमरान प्रताप गढ़ी, विधायक रानीगंज आर.के.वर्मा भी हुए शामिल।

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** शनिवार की सुबह जेठवारा थाने के सोनपुर गांव में पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में आरोपियों द्वारा मौलाना फारुक की हत्या के बाद आज सुबह दस बजे गांव के कब्रिस्तान में मौलाना के शव को दफन किया गया। इस मौके पर हजारों की तादात में मौलाना के चाहने वाले मौजूद रहे। सुरक्षा एवम शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आलाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पीएसी और पुलिस बल तैनात रही। बता दें कि कल घटना के बाद बेकाबू भीड़ ने पथराव व तोड़फोड़ भी किया था। आक्रोशित भीड़ ने आरोपियों के साथ पड़ोसी घरों में भी जमकर तोड़ फोड़ किया

### डीएम-एसपी की निगरानी में पुलिस व पीएसी रही चौकन्नी

था जिससे नाराज जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल ने भारी संख्या में प्रयागराज जोन की फोर्स बुला लिया था। सोनपुर गांव में पूरी रात अधिकारियों समेत सैकड़ों पुलिस कर्मी गस्त करते रहे। जिला प्रशासन रविवार के दिन भी पूरी तरह चैकन्ना रहा और प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, बांदा के साथ जनपद के कई थानों की पुलिस व पीएसी के साथ कब्रिस्तान के इर्द गिर्द मौजूद रहे। मरहूम मौलाना फारुक के परिजनों द्वारा तय शुदा कार्यक्रम के तहत सुबह दस बजे जनाजे की नमाज के बाद गांव के कब्रिस्तान में शव को सुपुर्द ए खाक किया गया। उसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

# रेखा उमरवैश्य बनी क्लब की नॉर्थ मल्टीप्ल काउंसिल एडवाइजर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल नॉर्थ मल्टीप्ल की बैठक लखनऊ में संपन्न हुई। बैठक में प्रतापगढ़ की सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाली चिलबिला निवासी रेखा उमरवैश्य को नार्थ मल्टीप्ल काउंसिल का एडवाइजर नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति नार्थ मल्टीप्ल की अध्यक्ष प्रियंका दीक्षित द्वारा की गई। रेखा उमरवैश्य की नियुक्ति पर डॉ0 दयाराम मौर्य ने कहा कि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के पद चिन्हों पर चलकर रेखा उमरवैश्य ने भी जिले का नाम रोशन किया है। जिन्हें नॉर्थ मल्टीप्ल काउंसिल में


रेखा उमरवैश्य।

अहम जिम्मेदारी क्लब के नार्थ प्रेसिडेंट ने दी है। रेखा उमरवैश्य पहले से ही आधा दर्जन सरकारी एंव गैर सरकारी संस्था से जुड़कर सामाजिक गतिविधियों में अपना अहम योगदान दे रही हैं। इस नियुक्ति पर रेखा उमरवैश्य ने नॉर्थ मल्टीप्ल काउंसिल की अध्यक्ष प्रियंका दिक्षित व पूर्व अध्यक्ष ममता भटनागर के प्रति आभार जताया। बधाई देने वालों में शाहिदा मैंम, विनय श्रीवास्तव, राजेश सिंह, राजीव कुमार आर्य, आनंद मोहन ओझा, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, अर्चना खंडेलवाल, पूनम गुप्ता, सुधा अग्रवाल, अर्चना पांडे, ज्योति खंडेलवाल, मेघा, परमानंद, शिवेश शुक्ला, विवेक कुमार आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पेट्रोल पम्प संचालक के घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के सदर चैराहे से चंद कदम दूरी पर स्थित पेट्रोल पम्प संचालक के घर का ताला तोड़कर चोर लाखों की चोरी कर रहे गये। चोर 30 लाख के जेवरात व 3 लाख की नकदी रात में उड़ा ले गये। बता दें कि पीड़ित परिवार मेदांता हॉस्पिटल में मरीज की तीमारदारी के लिए घर में ताला बंद कर बाहर गया हुआ था। लौटने पर परिजन लौटे तो घर का नजारा देखकर सन्न रहे गये। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आरओ न हैंडपंप श्रद्धालुओं को भाता है कुएं का पानी

## घुइसरनाथ धाम में जीवंत है पुरानी परंपरा, दशकों से समाजसेवियों की पीढ़ियां कर रही है सेवा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आधुनिकता के दौर में आज भी पौराणिक धाम में पुरानी परंपरा देखने को मिलती है। घुइसरनाथ धाम में दूर-दराज से आए श्रद्धालु आरओ और हैंडपंप के पानी की जगह कुएं का पानी पीना पसंद करते है। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां पर श्रद्धालु अंजुली से जल को ग्रहण करते है।

स्थानीय तहसील मुख्यालय से लगभग नौ किलो मीटर दूर स्थित घुइसरनाथ धाम के नाम से शिव जी का एक प्राचीन पौराणिक मंदिर है।यहां पर जिले के ही नही बल्कि देश के कोने-कोने से श्रद्धालु दर्शन करने आते है। बाबा धाम में आए


फोटो 2-कुएं से पानी भरते श्रद्धालु

भक्त पहले दर्शन-पूजन करते है,उसके बाद वह आरओ व हैंडपंप के जल को छोड़कर मंदिर से सटे हुए कुएं के पानी को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते है। यहां सेवा दे रहे सोहन कश्यप, भोला पोशाला, राम अभिलाख, श्रीराम, सीता देवी ने बताया की उनकी पीढ़ियां धाम के श्रद्धालुओं को निःशुल्क जल पिलाने का कार्य दशकों से करती चली आ रही है। यहां लगभग 31 लोगो की टीम है जो बारी-बारी से कुएं से पानी निकाल कर श्रद्धालुओं को अंजुली से जल ग्रहण कराती है। यह कार्यक्रम दिन भर चलता रहता है। आज आधुनिक दौर में जहां कुएं का अस्तित्व लगभग खत्म हो गया है, वहीं धाम स्थित कुएं का जल स्तर भी काफी अच्छा होने के साथ ही पानी भी बहुत मीठा है। यहां पानी पीने के बाद हर कोई तारीफ करता दिखाई देता है। यहां के लोग इसे शिव जी की कृपा मानते हैं।

# मंदिर जाने वाले रास्ते पर जलजमाव से हो रही है परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बरसात ने जहां एक तरफ गर्मी से लोगों को राहत प्रदान की है, वहीं दूसरी ओर बरसात के कारण सड़कों पर भरा पानी लोगों के लिए आफत का सबब बन गया है। आसपुर देवसरा क्षेत्र के अमरगढ़ बाजार स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में प्रतिदिन पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। लेकिन इन दिनों श्रद्धालुओं को गंदे पानी से होकर मंदिर में जाने की मजबूरी हो गई है।मंदिर के


मंदिर जाने वाले पर हुआ जलभराव।

समीप सड़क पर जलजमाव की स्थिति कायम है। लंबे समय तक पानी जमा रहने के कारण मोहल्ले के लोगों के सर पर संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है और सड़क में गड्ढे भी उभर आए हैं। घर से लोग स्नान कर पूरे पवित्रता के साथ पूजा अर्चना के लिए निकलते हैं लेकिन मंदिर के रास्ते में उन्हें गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। इससे श्रद्धालुओं की पवित्रता भंग हो रही है। इन दिनों तो स्थिति और भी खराब हो गई है। जलजमाव के साथ-साथ इस रास्ते पर कीचड़ भी उत्पन्न हो गया है। इससे खरीददारी करने बाजार आने वाले आम लोगों को काफी व दूपरेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# नीट की परीक्षा पास कर ऋषभ ने बढ़ाया परिवार, क्षेत्र का मान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विकास खंड मंगरौरा के पूर्व प्रधान जगदीश प्रसाद उपाध्याय के नाती ऋषभ नारायण उपाध्याय पुत्र पंकज उपाध्याय ने नीट की परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ अच्छी रैंक भी हासिल कर क्षेत्र व परिवार का नाम रोशन किया। बीते 4 जून को नीट परीक्षा का परिणाम घोषित होने पर ऋषभ के माता पिता के साथ परिजनों का भी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ऋषभ ने 720 अंक में 657 अंक प्राप्त किया है

ऑल इंडिया रैंक में ऋषभ ने 23809 रैंक व कैटेगरी प्राप्त की है। ऋषभ की इस सफलता के बाद गांव सहित इलाके के


ऋषभ नारायण।

लोग घर पहुंचकर शुभकामनाएं दें रहे है, जिससे घर में खुशी का माहौल है।

# बीएड प्रवेश परीक्षा में पहली बेला में 3035 व दूसरी बेला में 3038 ने दी परीक्षा

## डीआईओएस व बुंदेलखण्ड के दो प्रोफेसरों ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के सात स्कूल कालेजों व महाविद्यालयों में आज बीएड की प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। पहली बेला में 3412 परीक्षार्थियों में 377 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार पहली बेला में 3035 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी। जबकि दूसरी बेला में पंजीकृत 3412 में 374 अनुपस्थित रहे। इस तरह दूसरी बेला में 3038 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी।

बता दें कि राजकीय इंटर कालेज, केपी हिन्दू इंटर कालेज, पीबी इंटर कालेज, एमडीपीजी महाविद्यालय तथा पीबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो परीक्षा केन्द्रों पर 3412 परीक्षार्थी


परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते प्रोफेसर व डीआईओएस।

दोनों पालियों में पंजीकृत थे जिनमें पहली बेला में 3035 व दूसरी बेला में 3038 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस वर्ष यह प्रवेश परीक्षा बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई है जहां के दो प्रोफेसर जी0के0 दीक्षित व संतोष पाण्डेय ने जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह व विंध्याचल सिंह के साथ परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल परीक्षा सम्पन्न हुई।

# आरपीएफ ने जाम खुलवाया, वाहनों को थाने भेजा, रेलवे परिसर में अवैध वाहनों को वजह से रोज लगता है जाम

### कइयों का किया गया चालान, मची अफरातफरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर में खड़े अवैध वाहनों की वजह से रोज जाम लगता है। इसका खमियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। रविवार को भी जाम लगा था जिसे रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने मुस्तैदी दिखाते हुए खुलवाया बल्कि कई वाहनों का चालान भी किया। इससे चालक वाहन लेकर भागने लगे और अफरातफरी मच गई।

परिसर वैसे भी छोटा है। जो यात्री वाहन मात्र से भर जाता है। उसमें घुसने वाले अवैध वाहन कोढ़ में खाज का काम करते हैं। इनकी इंट्री पर कोई बंदिश नहीं रहती है। जिससे वाहनों का जाम लग जाता है। स्थिति यह है कि अगर एक ट्रेन आ जाती है तो उसके यात्रियों की भीड़ से ही बची खुची जगह भर जाती है। पूरा ट्रैफिक रेंगने लगते है। सोचिए दो ट्रेन आने पर क्या होता होगा। रविवार को आरपीएफ के एसआई मंजीत डबास और उनकी टीम के लोगों को जाम हटाने और यात्रियों को राहत देने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। जिसमें कई सवारी वाहनों का चालान भी करना पड़ा। यात्रियों का कहना है कि अगर अवैध वाहनों पर अंकुश लगाएं तो जाम की नौबत ही न आए। बता दें कि रेल परिसर के बाहर खदेड़े गए ई रिक्शा, टेंपो और जीप वाले बाहर आकर सड़क जाम कर दिए। जिसमें यात्री काफी देर तक फंसे रहे। यह इलाका भंगवा चुंगी चैकी का है। जिसको जाम से कोई लेना देना नहीं है। लोगों का कहना है कि पुलिस वाले इधर झांकने नहीं आते है। आरपीएफ के सहयोग में अगर वो भी समय दे दें तो जाम की नौबत ही न आए। लेकिन उनको फुर्सत नहीं है। किसी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## पत्नी से विवाद के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पत्नी से विवाद के चलते युवक ने आम के पेड़ में साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह शौच को जा रही महिलाओं ने देखा तो परिजनों को घटना की जानकारी दी। गांव के चैकीदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दिलीपपुर थाना क्षेत्र के सराय भवानी गांव निवासी रामकुमार उर्फ ननकू का बेटा सुनील कुमार उर्फ चुलबुल 27 शराब का आदी था वह प्रतिदिन शराब के नशे में पत्नी से विवाद करता था। शनिवार रात आठ बजे शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी से विवाद करने लगा परिजनों ने समझाया तो वह घर से पांच सौ मीटर दूर स्थित एक आम के पेड़ में साड़ी को फंदा बनाकर फांसी लगाकर जान दे दी।रविवार सुबह गांव की महिलाएं शौच को जा तो देखा और घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। गांव के चैकीदार गणेश ने घटना की सूचना दिलीपपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पेड़ से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के शरीर पर सिंदूर लगा हुआ था। मृतक की पत्नी करिश्मा का रो-रो कर बुरा हाल है। उसे आठ माह का एक बेटा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीपपुर राधेश्याम ने बताया कि मृतक शराब का आदी था। फांसी लगाकर जान दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधान हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, प्रधान संघ खुलासे के लिए बना रहा था दबाव

### पुलिस ने एक महिला व पुरुष को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** घटना के तीन दिन के भीतर ही प्रधान हत्याकांड का कुंडा पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने एक महिला और उसके साथी को गिरफ्तार करके हत्या के मामले मे दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया। कत्ल के समय प्रयोग किया गया आला कत्ल का सामान भी बरामद कर लिया हालांकि अभी एक अभियुक्त पुलिस की पकड़ से बाहर है।

बताते चलें कि आज से तीन रोज पहले बाबागंज ब्लाक के डीहवा जलालपुर प्रधान करुणेश भारती उर्फ़ मम्मन की कुंडा थाना क्षेत्र के जमेठी नहर के पास गला काटकर हत्या कर दी गई थी। प्रधान का शव उसकी स्वफ्टि कर से रक्त रंजित अवस्था में बरामद हुआ तो, तो लोगों में हड़कंप मच गया तो। वही प्रतापगढ़ का प्रधान संघ भी हत्याकांड के खुलासे के लिए लगातार पुलिस पर दबाव बना रहा तो। प्रधान संघ


पुलिस की गिरफ्तार में अभियुक्तगण।

के अध्यक्ष पिंटू सिंह ने प्रशासन को दो टुक चेतावनी दिया था कि जल्द ही हत्या का खुलासा करके आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर लिया जाएगा तो प्रधान संघ जमीन पर उतर के संघर्ष करने के लिए एकजुट हो रहा जो।

पुलिस को भी इस बात का भान था कि यदि प्रधान संघ इस मामले में लेकर सड़क पर उतरा तो कहीं ना कहीं उसकी भद्द पिटनी तय है। कुंडा के थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह और इंस्पेक्टर क्राइम संजय सिंह व उनकी टीम ने घटना के तीन कार्य दिवस के भीतर इस मामले को खुलासा कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रधान के ऊपर अभी भी 15 दिन पहले एक महिला सरिता सरोज ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इस महिला और उसके साथी जिसकी प्रधान से पुरानी रंजिश थी उस शख्स ने मिलकर इस घटना कौन अंजाम दिया। पुलिस ने उक्त महिला और उसके साथी के गिरफ्तार कर लिया जबकि एक अन्य आरोपी फरार चल रहा जो। इस मामले में महिला ने बयान दिया है कि मृतक प्रधान ने उसके साथ दुष्कर्म किया था जिसकी तहरीर उसने महेशगज थाने में दिया था लेकिन अभी पुलिस द्वारा सुनवाई नही हुयी, इसी बीच एक अन्य अभियुक्त जिसका प्रधान से पुरानी रंजिश चल रही थी। वह इस महिला से मिला और दोनो ने मिलकर घटना को अंजाम दिया। फिलहाल हत्या रोपिओ की गिरफ्तार से जहां प्रधान संघ राहत महसूस कर रहा है वहीं पुलिस भी लोगों की वाहवाही बटोर रही है क्योंकि मामला एक निर्वाचित प्रधान की हत्या से संबंधित था।

## प्रधानमंत्री को गाली देने का विरोध करने पर युवकों ने भाजपा सेक्टर संयोजक को पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के भारतलाल पटेल निवासी जो भाजपा सेक्टर संयोजक हैं शनिवार की शाम लगभग 8 बजे थाना क्षेत्र के परियावां 35 सी रेलवे फाटक के पास सब्जी ले रहे थे कि तभी परियावां मुस्लिम बस्ती के दो तीन आरोपित एक समुदाय के युवकों ने भारत लाल को देखते ही भारत के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम लेते हुए भद्दी-भद्दी अपशब्द प्रयोग करने लगे। इसका विरोध करने पर जिस पर आरोपित तीनो युवकों ने गाली गलौज करते हुए भारतलाल को मारने पीटने लगे। युवकों द्वारा मारपीट करने पर कुछ लोग दौड़ पड़े और किसी तरह मामला को शांत कराया पीड़ित भारतलाल ने 112 पुलिस को फोन करके मामले की जानकारी दी मौके पर पहुंचते ही आरोपित युवकों फरार हो गये। मामला पार्टी से जुड़ा होने के कारण रविवार की सुबह भाजपा सेक्टर संयोजक भारतलाल ने कुसुवापुर मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा व परियावां ग्राम प्रधान पति अनिल मौर्य, मो तारिक़ को मामले से अवगत कराया जिस पर रविवार की सुबह पीड़ित भारत लाल पटेल ने आरोपित युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। इस बाबत जानकारी करने पर थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है जाँच पड़ताल मे दोषी पाये जाने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# मुंह दबाकर उतारा मौत के घाट मौत होने पर लाश को तालाब में फेंका

**अखंड भारत संदेश**

**चरित्र हीनता के शक में पेड़ में टांग कर भतीजो ने बुआ को बेरहमी से पीटा, पुलिस ने 5 दिन में संगीता हत्याकांड का खुलासा कर दो आरोपियों को भेजा जेल**




**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के बैशकाटी गांव में 4 जून को तालाब में मिली महिला संगीता देवी विधवा पत्नी मंगलदास मूल निवासी बालक मऊ थाना कोखराज की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए महिला के भाई के दो पुत्रों को पुलिस ने जेल भेज दिया है गिरफ्तार आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया है चरित्रहीनता के शक पर महिला के भतीजो ने पेड़ से टांग कर हाथ बांधकर बेरहमी से पीटने के बाद मुँह दबा कर बुआ की हत्या की और लाश को तालाब में फेंक दिया है संगीता की हत्या में उसके भतीजे ने जिस तरह से उसे यातनाएं दी है सुनने वालों की रूह कांप गयी थाना अध्यक्ष करारी ने घटना का खुलासा कर दो आरोपियों को जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक संगीता देवी उम्र 30 वर्ष के पति मंगलदास की 7 वर्ष पहले मौत हो गई थी पति के मौत के बाद अपने चार बच्चों को लेकर अपने मायके बैश कांटी गांव में संगीता रह रही थी मंगलवार 4 जून की सुबह उसके घर के पीछे तालाब में संगीता का शव पड़ा हुआ ग्रामीणों ने देखा सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया पोस्टमार्टम में दम घुटना बताया गया संगीता के जेठ के बेटे ने पुलिस को तहरीर देकर संगीता के साथ बलात्कार और हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने विवेचना शुरू की पुलिस की जांच में जो बात सामने आई उसके मुताबिक 3 जून की रात संगीता घर से बाहर थी और जब घर वापस नही लौटी तो खोजबीन शुरू हुई संगीता के पारिवारिक भाई के लड़के ने उससे पूछताछ शुरू की लेकिन जब संगीता ने कुछ खास नहीं बताया तो उसके भतीजे ने हाथ बांधकर उसे पेड़ में टांग दिया और बेरहमी से पिटाई की जुर्म कबूल करने के लिए उसे यातनाएं दी संगीता बचाने के लिए चीखती रही लेकिन लोगों को तरस नहीं आया संगीता को पीट पीटकर हकीकत पूछने के बाद उसका मुंह दबाकर उसकी हत्या करने के बाद लाश को घर के पीछे तालाब में फेंक दिया गया करारी पुलिस ने संगीता हत्याकांड का 5 दिनों में खुलासा करते हुए उसके पारिवारिक भतीजे शिवराम और विमलेश को गिरफ्तार कर लिया है गिरफ्तारी के बाद दोनों भतीजो ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया है पुलिस ने दोनों भतीजो को अदालत में पेश किया है जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## शादी न करने पर युवती ने दिया दुष्कर्म के फर्जी मुकदमें में जेल भेजवाने की धमकी, शिकायत

**कौशाम्बी।** पुरानी दुश्मनी को भूलकर एक युवती ने शादी करने का फैसला ले लिया है। शादी के लिए युवती अपने जीजा के साथ युवक के घर पहुंच कर शादी करने की बात रखी। बात न बनने पर जमकर हंगामा किया। लाठी डंडे के साथ पहुंचे युवती के रिश्तेदारों ने युवक के घर पर अश्लीलता करते हुए तांडव किए। शादी न करने पर दुष्कर्म के फर्जी मुकदमा लिखाने की धमकी देते हुए भाग निकले। करारी क्षेत्र की रहने वाली ललिता देवी ने बताया कि रोजी रोटी के सिलसिले से पति व लड़का पानीपत में रहते हैं। गांव के ही रहने वाले मुन्ना,राजकुमार से पुरानी रंजिश है। आए दिन मुन्ना व राजकुमार अपने रिश्तेदार ससुर ,साला व साली को बुलाकर घर पर चढ़कर हमला किया करते हैं। बीते 29 मई को मैं व मेरी बेटी घर पर मौजूद थी।तभी रंजिशन मुन्ना की साली सुमन निवासिनी कायमपुर थाना पश्चिम शरीरा घर आई और बेटे तूफान से शादी करने के लिए कहने लगी। जब ललिता ने इसका विरोध किया तो युवती ने अपने जीजा मुन्ना व भाई राजकुमार को लाठी डंडों के साथ घर पर बुलवा लिया। उक्त लोगों ने अश्लीलता की हदें पार करते हुए मां बेटी को पैर से धक्के मारकर गिरा दिया साथ ही धमकी दिया कि यदि तूफान की शादी सुमन से नही हुई तो तूफान के खिलाफ दुष्कर्म का फर्जी मुकदमा दर्ज करवाकर जेल भेजवा देंगे। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। मामले की सूचना ललिता ने युवती के पिता को देकर बुलवा लिया। ललिता के घर पहुंचे युवती के पिता मामला शांत करने के बजाय हंगामा शुरू कर दिया।

# तेज गति वाहन ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर मौत

**बाइक से अपनी बहन के यहा तिल्लापुर जा रहा था युवक**



**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के उसमापुर के पास तेज गति अनियंत्रित वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोग पहुंचे एम्बुलेंस और पुलिस को मामले की सूचना दी घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे रास्ते में मौत हो गई है मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है दुर्घटना के बाद दुर्घटना करने वाला वाहन चालक समेत मौके से फरार हो गया है। जानकारी के मुताबिक कौशाम्बी थाना क्षेत्र के गोपसहसा गांव निवासी दुवेन्द उर्फ टिन्कू उम्र 18 वर्ष पुत्र गनेश प्रसाद रविवार को बाइक से अपनी बहन के यहा तिल्लापुर जा रहा था जैसे ही बाइक सवार उसमापुर पहुचे कि पीछे से ओवर टेक के चक्कर मे किसी बडे वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कार मार दिया है जिससे बाइक सवार सडक पर गिर गया और लहुलुहान होकर तडपने लगा हादसा देख कर ग्रामीणो की भीड एकत्रित हो गई डायल 112 नंबर को ग्रामीणों ने फोन किया जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एम्बुलेंस से घायल युवक को स्थानीय अस्पताल ले जा रहे थे रास्ते मे युवक की मौत हो गई हादसे की सूचना मिलते ही गांव के सैकड़ो लोगों का मौके पर मजमा लग गया है परिवार में कोहराम मचा हुआ है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

# मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर कौशांबी में चारों ओर जश्न का माहौल रहा, जगह-जगह पर मिठाइयां बांटी, कार्यकताओं को माला पहनाकर जश्न मनाया गया**

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव के बाद तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बनने के बाद कौशांबी में चारों ओर जश्न का माहौल रहा जगह-जगह पर मिठाइयां बाटकर कार्यकताओं को माला पहनकर मोदी के प्रधानमंत्री बनने का जश्न मनाया गया चायल विधानसभा के पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया पूर्व विधायक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं पदाधिकारी और राम जनमानस को माला पहनकर उन्हें जीत की बधाई दी गई पूर्व विधायक द्वारा लोगों के बीच मिठाई का वितरण किया गया इस मौके पर पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि यह जीत देश की जनता की जीत है और उन्होंने मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर आम जनमानस को बधाई दी है इस दौरान हजारों लोग मौजूद रहे।

## देश विदेश से हर साल कौशांबी खास आने वाले हजारों पर्यटकों को होगी सहूलियत, बढ़ेगी पर्यटकों की संख्या : अजय सोनी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने बुद्ध तपस्थली एवं भगवान महावीर स्वामी की चरण स्पर्शी ऐतिहासिक एवं अति प्राचीन नगरी कौशांबी खास को राम वन गमन पथ से जोड़े जाने की सरकार से मांग की है। पार्टी का मानना है कि ऐसा करने से हर साल कौशांबी खास आने वाले हजारों देशी विदेशी पर्यटकों को सहूलियत होगी। साथ ही पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने प्रदेश सरकार से राम वन गमन पथ से कौशांबी खास को जोड़े जाने को लेकर मांग उठाई है। अजय सोनी का कहना है कि ऐसा होने से हर साल हजारों की संख्या मे कौशांबी खास आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों को सहूलियत होगी और उनकी संख्या में वृद्धि भी होगी जिससे पर्यटन को भारी बढ़ावा मिलेगा और सरकार के राजस्व की आय में भारी वृद्धि होगी। साथ ही स्थानीय लोगों को अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

# साथियों संग गंगा नहाने गया युवक नदी में डूबा खोज जारी

**अन्य साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया जिस पर अन्य साथी भी डूबने लगे**

**कोखराज पुलिस फोर्स गोताखोरों की मदद से युवक को खोजने का प्रयास कर रही है**

**अखंड भारत संदेश**



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के गंगा नदी के संदीपन घाट में रविवार की सुबह 6 साथी गंगा स्नान करने गए थे गंगा स्नान के दौरान एक युवक गहरे गंगाजल में चला गया जिससे वह गंगाजल में समा गया है युवक के गंगा नदी में डूब जाने से अफरा तफरी मच गई मौके पर नाविक ने युवक को बचाने की कोशिश की लेकिन काफी प्रयास के बाद युवक का पता नहीं चल सका है मामले की सूचना मिलते ही कोखराज पुलिस और गोताखोर पहुंच गए हैं डूबे युवक की खोज जारी है लेकिन खबर लिखे जाने तक युवक का सुराग नहीं लगा है मामले की सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के अरविंद कुमार उम्र 16 वर्ष पुत्र संगम लाल वा अनिल कुमार उम्र 16 वर्ष पुत्र गब्बर सिंह निवासी नोडिया वा रिशु कुमार उम्र 16 वर्ष पुत्र कंधई लाल निवासी ककोढा वा वन्स उम्र 16 वर्ष पुत्र राम नारायण निवासी ककोढा वा वासु उम्र 18 वर्ष पुत्र किसन वा दीपक कुमार उम्र 15 वर्ष पुत्र त्रिलोकी रविवार की सुबह संदीपन घाट गंगा नदी में स्नान करने गए थे स्नान के दौरान अरविंद कुमार का पैर फिसल गया और वह गहरे जल में डूबने लगा अन्य साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया जिस पर अन्य साथी भी डूबने लगे अन्य साथियों को डूबने से नाव वाले ने बचाया है लेकिन अरविंद कुमार गहरे जल में चला गया और डूब गया है मौके पर चीख पुकार मच गई नाव वालों ने युवक को बचाने का प्रयास किया लेकिन जल में डूबने से नहीं बचा सके सूचना मिलते ही कोखराज पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी गोताखोरों की मदद से युवक को खोजने का प्रयास जारी है खबर लिखे जाने तक डूबे युवक का सुराग नहीं लगा है जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग भी रोते बिलखते पहुंच गए हैं।

# नाबालिग छात्रा से रेप करने वाला आरएसएस स्कूल का प्रिंसिपल गिरफ्तार

**वीडियो वायरल होने के बाद छात्रा ने की थी आत्महत्या की कोशिश**

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में आरएसएस द्वारा संचालित स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा नाबालिग छात्रा से आपत्तिजनक स्थिति की वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी,जिसपर पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने वीडियो वायरल करने वाले को शनिवार को गिरफ्तार किया था,वही मुख्य आरोपी प्रिंसिपल को पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया है। कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी में छात्रा के साथ आपत्तिजनक स्थिति की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी,आपत्तिजनक वीडियो और फोटो का संज्ञान लेकर पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर थाना कोखराज पर मु0अ0सं0 163/24 धारा 376/504/506/120इ भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट व 67अ आईटी एक्ट दर्ज किया गया था।सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक बीडियो/फोटो वायरल करने वाले युवक राजू सिंह को शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना से सम्बन्धित मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी हेतु गठित 05 टीमों द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी। रविवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दुष्कर्म की घटना का मुख्य आरोपी टेढ़ी मोड़ के पास मौजूद है तथा कहीं जाने के फिराक में है, सूचना पर तत्काल थाना कोखराज व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर देखा गया तो घटना का मुख्य आरोपी देवेन्द्र मिश्रा पुत्र तीरथ प्रसाद मिश्रा निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी वर्तमान पता मेहता डिग्री कॉलेज के सामने भरवारी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी मौजूद था, जिसे घेरकर पुलिस ने पकड़ लिया गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## एनएसयूआई के कार्यकताओं के द्वारा नीट परीक्षा के पेपर लीक के विरोध में किया प्रदर्शन

**कौशाम्बी।** नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के द्वारा मंझनपुर में भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा के नीचे सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया। अमित द्विवेदी आजाद एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ने कहा कि लगातार परीक्षा के पेपर लीक होने में भाजपा का हाथ है। इसके खिलाफ एक कड़ा कानून बनना चाहिए। अमित द्विवेदी 'आजाद' ने मुख्य बिंदु में बात रखी नीट की परीक्षा के पैटर्न के अनुसार 719 या 718 नंबर आना संभव ही नहीं है तो घोटालेबाज एजेंसी एन टी ए ने यह स्कोरकार्ड कैसे जारी किए और एक ही परीक्षा सेंटर से 5 से अधिक छात्रों का टॉप रैंक स्टूडेंट्स में होना सवाल खड़े करता है। घोटाले की इस खबर को जानबूझकर छिपाने के लिए परिणाम को जल्दबाजी में चुनावी रिजल्ट के टाइम जारी किया गया ताकि यह मुद्दा गायब हो जाए। आये दिन पेपर लीक हो रहा और सरकार सो रही। अलकमा उस्मानी युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष का कहना हैं सभी महत्वपूर्ण परीक्षाओं जैसे जे ई ई नीट एन ई टी कैट को प्राइवेट घोटालेबाज संस्था एनटीए को मोदी सरकार ने सौंपकर यह बता दिया है कि वे शिक्षा के निजीकरण में विश्वास रखते हैं जब जब शिक्षा पूंजीपतियों के हाथ में सौंपी जाएगी गरीबो को शिक्षा से वंचित रखा जाएगा सैफ मंसूरी जिला उपाध्यक्ष एनएसयूआई कि तरफ से मांग करते है एनईटी के इस नीट घोटाले की सीबीआई से जाँच करवाई जाए व इस परीक्षा से पीड़ित छात्रों को उचित न्याय दिया जाए एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के लगभग दर्जनों कार्यकर्ता जाकिर यादव, सचिन शुक्ला, सैफ मंसूरी, उदय यादव, अलकमा उस्मानी मौजूद रहे।

# दबे कुचले निरीह लोगों की आवाज बनेगी कांग्रेस : पूर्व विधायक

**कौशाम्बी।** कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय कौशांबी में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी की बैठक 09 जून को बुलाई गई जिले के सभी वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी बैठक में कौशांबी कांग्रेस के संगठन में बहुत बड़ा बदलाव होगा जिसमें वही जिम्मेदार लोग कार्यकारिणी में रखे जाएंगे जो कांग्रेस पार्टी के झंडे को गांव-गांव गली -गली ले जाकर कांग्रेस पार्टी के विचारधारा को पहुंचाएंगे सर्वसम्मति से यह पारित हुआ की जिला कार्यकारिणी की बैठक हर माह 5 तारीख को जिला कांग्रेस पार्टी कार्यालय मंझनपुर में होगी। चायाल विधानसभा के पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने कहा कांग्रेस पार्टी न ही एक विचारधारा है बल्कि वह जन-जन की आवाज है जिसमें हम सभी का पहले दायित्व है कि इस आवाज को सड़क से लेकर सदन तक उठाने की हर एक उस दबे कुचले व्यक्ति की आवाज को उसके अधिकार को दिलाने का यही हमारा प्रयास रहेगा पूर्व जिला अध्यक्ष तलत अजीम ने कहा कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकताओं को मैं कांग्रेस पार्टी की शानदार जीत के लिए वा इंडिया गठबंधन की जीत की आप सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं कांग्रेस हमेशा व्यक्ति की आवाज को उठती रही है जिसकी आवाज को सुनने के लिए कोई तैयार नहीं है ! जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा ने कहा कि आप लोगों की एकता ने आज पूरे देश का परिणाम बदल दिया क्योंकि उत्तर प्रदेश से होकर ही दिल्ली का रास्ता जाता था आप लोगों ने साबित कर दिया हममें वह जुनून और जज्बा आज भी है। बैठक में राम बहादुर त्रिपाठी, आदिल जाफरी उर्फ शंभू ,राज नारायण पासी, कालिका प्रसाद खुर्शीद अहमद असलम भड्डा ,श्याम मूर्ति त्रिपाठी ,विजय सिंह यादव, कौशलेश द्विवेदी आबिदा बेगम, मुस्ताक अहमद अलकमा उस्मानी, सुरेंद्र शुक्ला ,उदय यादव दीपक पांडे ,शशि त्रिपाठी, अमित द्विवेदी 'आजाद', देवेश श्रीवास्तव, सचिन शुक्ला, दुर्गेश कुमार पांडे ,राजा भैया द्विवेदी, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद गुलाम, कुलदीप मिश्रा विनोद चौधरी, मकसूद खान करी रईस अहमद अंसारी, बिलाल रिजवी , जयप्रकाश दुबे, अशोक द्विवेदी , नुरूत जमा इत्यादि लगभग सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## न्यूज झरोखा

### मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से मनौरी बाजार में खुशी की लहर



**मनौरी कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की खुशी में मनौरी बाजार के वरिष्ठ समाजसेवी शंभू लाल केसरवानी पूर्व प्रधान द्वारा बाजार में लड्डू का वितरण किया गया साथ ही साथ मोदी जी जिन्दाबाद ,योगी जिन्दाबाद ,भाजपा जिन्दाबाद का जय घोष हुआ कार्यक्रम में मुख्यरूप से शंभू लाल केसरवानी,सुधीर केशवानी,सतीश केसरवानी,अंकित केसरवानी, गौरव केसरवानी,रामेश्वर प्रसाद,गौतम गुप्ता,पंकज केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

### डीसीएम सहित 10 दिन पहले गायब चालक का सुराग ना लगने पर आक्रोशित हुए ग्रामीण

**थानेदार के लापरवाही पूर्ण रवैए से अक्रोशित हुए ग्रामीण, थाना घेरा**



**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र में दस दिन पूर्व गायब हुए डीसीएम सहित चालक की तलाश न होने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। पीड़ित परिजनों ने थाना में गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाया था। दस दिन बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। इस बात से अक्रोषित होकर ग्रामीणों ने रविवार की शाम सैकड़ों की संख्या में थाना का घेराव करते हुए पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। करारी क्षेत्र के अमुरा गांव के रहने वाले महावीर पुत्र छेदी लाल संदिग्ध परिस्थितियों में डीसीएम गाड़ी के साथ गायब हो गया था। काफी खोजबीन के बाद दलित युवक का पता न लगने पर परिजनों ने करारी कोतवाली पहुंच कर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाया था। 10 दिन बीतने के बाद भी पुलिस हाथ पैर हाथ रख कर बैठी है। जिससे आक्रोशित होकर रविवार को सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने थाना का घेराव करते हुए करारी थानेदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं ।गुमशुदा हुए लड़के के परिजनों का कहना है कि पुलिस यदि सक्रिय रहती तो मेरा बेटा कब का मिल गया होता। पुलिस के लापरवाही का नतीजा यह रहा कि मेरा बेटा गाड़ी के साथ आज तक बरामद नहीं हुआ।

### कोखराज पुलिस ने पैदल गस्त कर लिया कानून व्यवस्था का जायजा



कोखराज कौशांबी कोखराज क्षेत्र के चाकवन चौराहे में एसओ कोखराज इंद्रदेव ने पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया आम जनमानस को पुलिस बल ने सुरक्षा का एहसास कराया इस दौरान उन्होंने वाहनों की चेकिंग की और सड़कों पर वाहन खड़े करने से लोगों को सचेत किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण करने के दौरान शांति व्यवस्था का जायजा लिया।

# दहशत : विशेष वर्ग के भय से गांव के 34 परिवारों ने किया पलायन

**अखंड भारत संदेश**

**बीते दस वर्ष से प्रशासन पर लग रहा हैं हिंदू परिवार के लोगों के उत्पीड़न का आरोप, प्रशासन ने पीड़ित हिंदू परिवारों को कर दिया पाबंद, दहशत में ग्रामीण**



**कौशाम्बी।** सरकारी अमले की अनदेखी उदासीनता का शिकार मंझनपुर तहसील क्षेत्र का महवा गांव के हिंदू पहले से होते आए हैं स्थिति यह है कि बीते 10 वर्षों में इस गांव से 34 से ज्यादा हिंदू परिवार पलायन को मजबूर हो गए थे जिन्होंने गांव छोड़ दिया था अब उन्हें एक बार दोनों समुदायों में तनाव के चलते हिंदू धर्म को मानने वाले गांव के लोग दहशत में है। मामले को लेकर हिंदू संगठन के लोगों ने थाने में धरना प्रदर्शन कर विरोध शुरू कर दिया है संगठन के लोग थाने के गेट पर धरना देकर बैठ गए हैं पुलिस के लोगों से काफी नोकझोंक हुई है हिंदू समाज के 34 परिवारों के पलायन के बाद भी प्रशासन की अनदेखी का शिकार मंझनपुर तहसील क्षेत्र के जाफरपुर महवा का हिंदू समाज हो रहा है। बीते दिनों मंदिर के जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर हिंदू धर्मावलंबी विरोध कर रहे थे। इसके बाद यहां के वर्ग विशेष के लोगों ने फतवा जारी करके हिंदू धर्म के मानने वाले लोगों को खेतों में पानी देने से मना कर दिया था यही नहीं इन लोगों ने गांव में हिंदू दुकानदारों के यहां से सामान खरीदना भी बंद कर दिया मामले में उप जिला अधिकारी व नायब तहसीलदार ने विरोध की ओर दरवाजा खुलवा दिया जबकि दोनों पक्ष इस बात के लिए भी राजी थे कि उधर दरवाजा नहीं खुलेगा। जबकि एक बार फिर दरवाजा खुलवा दिया इस बात को लेकर फिर से एक बार गांव में हिंदू धर्म के मानने वालों के बीच में दहशत है। गांव से पलायन करने वालों में गुलाब, हरिश्चंद्र, सुनील, कल्याण, शंकर, बबलू, ईश्वर, मोहन, दिनेश, रामचंद्र, रामबाबू, रमेश, केदार, विवेक, रोशन, कल्लू, बलि, लखन बाधिक, फूल चन्द्र चौधरी, लल्लू, हीरा, संतोष, रघुवीर, महावीर, राजकुमार, नरोत्तम, सुरेश चंद्र, नगरों बधिक, कैलाश, मुरारी, गिरधारी लाल, बलबीर, बेचू स्वर्णकार बिंदु जैसे 34 परिवार अब तक घर छोड़ चुके हैं। मौजूदा तनाव में पुलिस की हिंदुओं पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई के चलते पुनः एक बार भी फिर से यहां से हिंदुओं का पलायन हो सकता है। विश्व हिंदू परिषद ने इन मामलों के लिए स्थानीय पुलिस और प्रशासन को दोषी बताया है।

## भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ समाप्त हुई सप्त दिवसीय श्रीरामकथा

**अंतिम दिन बाली वध, लंका दहन, लक्ष्मण मेघनाद संग्राम, कुंभकर्ण और रावण वध की कथा सुनाई गई**

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के ग्राम रामपुर धमावा कैमा के पास स्थित त्यागी बाबा आश्रम में दिनांक 3 जून से चल रही साप्ताहिक श्रीराम कथा सातवें दिन भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ समाप्त हो गई। आठवें दिन वृहत भंडारा का आयोजन होगा। अंतिम दिन की कथा सुग्रीव और भगवान श्रीराम की मित्रता और बाली वध के साथ शुरू हुई। तत्पश्चात हनुमान जी द्वारा माता सीता की खोज और लंका दहन का प्रसंग कथावाचक सुधीरानंद जी महाराज द्वारा सुनाया गया। माता सीता की खोज होने के बाद भगवान श्रीराम ने वानरों, भालुओं की सेना के साथ लंका पर चढ़ाई की योजना बनाई। समुद्र पार करने हेतु श्रीराम नाम लिखे शिलाओं से समुद्र पर रामसेतु बनाया गया। इधर रावण का भाई विभीषण रावण को छोड़कर भगवान श्रीराम की शरण में आ गया। भगवान ने बाली पुत्र अंगद को दूत बनाकर रावण को समझाने एवं सीता जी को वापस श्रीराम जी को देने के लिए लंका भेजा। रावण द्वारा अंगद की बात न मानने पर राम रावण युद्ध हुआ। बुद्ध में मेघनाद ने शक्ति वाण का प्रयोग कर लक्ष्मण को मूर्छित कर दिया। भगवान श्रीराम जी विलाप करने लगे। हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने पर लक्ष्मण जी की मूर्छा ठीक हुए और दुबारा लक्ष्मण मेघनाद युद्ध हुआ जिसमे लक्ष्मण जी ने मेघनाद का वध कर दिया। इसके बाद भगवान श्रीराम ने पहले कुंभकरण और फिर विभीषण द्वारा रावण की नाभि में अमृत होने की जानकारी देने पर युद्ध में रावण को मार दिया। युद्ध समाप्ति के बाद विभीषण को लंका का राजा बनाकर भगवान श्रीराम माता सीता और लक्ष्मण आदि को लेकर वापस अयोध्या आए। अयोध्या में भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ और इसी के साथ कथा का समापन हुआ। कथा समाप्ति पर कथावाचक सुधीरानंद जी महाराज ने सभी के कल्याण के लिए भगवान श्रीराम माता सीता और हनुमान जी महाराज से कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी, सीताराम केसरी, प्रशांत केसरी, भानु प्रताप सिंह, राजेश केसरवानी, अंबेद केसरवानी, रवि सिंह , भारत सिंह आदि मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

### मध्यप्रदेश में खास रही 'स्त्री शक्ति' की भूमिका -लोकसभा की सभी सीटें जीतकर भाजपा ने रचा इतिहास

मध्यप्रदेश में सभी लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त कर भाजपा ने कठिन समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बड़ा सहारा दिया है। जिसमें मध्यप्रदेश की महिला मतदाताओं का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। विधानसभा चुनाव अभियान से ही प्रधानमंत्री मोदी मध्यप्रदेश में सबसे खास चेहरा बने हुए हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों में भाजपा ने मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ा था और भारी जनसमर्थन प्राप्त किया। 'मोदी के मन में मध्यप्रदेश, मध्यप्रदेश के मन में मोदी' यह मुख्य नारा था, जिसमें संगठन के परिश्रम ने प्राण फूंक दिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सत्ता में तीसरी बार वापसी एक असाधारण घटना है। भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में अपनी लोकप्रियता और प्रासंगिकता बनाए रखना इतना आसान नहीं होता। भाजपा जैसे दल के लिए जिसने 8 वें दशक में सिर्फ दो लोकसभा सीटों के साथ अपनी यात्रा प्रारंभ की हो, यह चमत्कार ही है। अनपेक्षित परिणामों के बाद भी केंद्र में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी और एनडीए सबसे बड़ा गठबंधन है। मध्यप्रदेश वैसे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के अद्भुत समन्वय से चलने वाला राज्य रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे दिग्गजों की जुगलबंदी ने जो इतिहास रचा है, उसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। इसके अलावा नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राजेन्द्र शुक्ल, फग्गन सिंह कुलस्ते, वीरेंद्र कुमार जैसे अनेक नेता भाजपा के सामाजिक और भौगोलिक विस्तार को स्थापित करते हैं।

संघ की प्रयोगभूमि होने के कारण मध्यप्रदेश पर पूरे देश की निगाह थी। मध्यप्रदेश में यह वैचारिक यात्रा हिंदुत्व,भारतबोध की यात्रा तो है ही समाज के सभी वर्गों की हिस्सेदारी ने इसे सफल बनाया है। स्त्री शक्ति इसमें सबसे प्रमुख है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जहां स्त्री शक्ति को भाजपा के साथ गोलबंद करने में अहम भूमिका निभाई, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में आते ही सामान्य जन के जीवन स्तर को उठाने के प्रयास किए। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवारों को संबल दिया, जिस बदलाव को स्त्री शक्ति ने महसूस किया। स्त्री भारतीय परिवारों की धुरी है। भारतीय राजनीति में स्त्री को इस तरह से केंद्र में रखकर कभी विचार नहीं किया गया। यह बात रेखांकित करना चाहिए कि आखिर देश की राजनीति में स्त्री के सवाल हाशिए पर क्यों रहे हैं? स्त्री आखिर चाहती क्या है? वह चाहती है सुखद, सुरक्षित, आनंदमय जीवन और अपने बच्चों का सुनहरा भविष्य। एक अदद छत जिसमें वह अपने परिवार के साथ चैन से रह सके।

नरेंद्र मोदी ने सामान्य भारतीय स्त्री के इस मन और जीवन की समस्याओं को संबोधित किया। स्त्री को सुरक्षित परिवेश और बेटियों को आसमान छूने की प्रेरणा दी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सिर्फ नारा नहीं एक सामाजिक संकल्प बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत सामान्य परिस्थितियों से आगे बढ़े हैं। वे परिवारों को चलाने वाली स्त्री के दर्द, उसकी जरूरतों को समझने वाले राजनेता हैं। उज्जवला गैस जैसे योजना उनके संवेदनशील मन की गवाही देती है। लकड़ियां लेटर आने,गोबर के उपलों से खाना बनाती स्त्री, उसके कष्ट सब नहीं समझ सकते। धुएं के नाते उसको होने वाले स्वास्थ्यगत नुकसान को भी सब नहीं समझ सकते। बात छोटी है,पर संवेदना बहुत बड़ी। इसी तरह शौचालय न होने के कारण स्त्री के कष्ट से हर घर शौचालय का विचार एक क्रांतिकारी कदम था। यह मुद्दा महिला सुरक्षा ,स्वास्थ्य और स्वच्छता सबसे जुड़ा हुआ मुद्दा है। मध्यप्रदेश ने केंद्र की सभी योजनाओं का श्रेष्ठ क्रियान्वयन किया। इस पहल ने देश और प्रदेश में परिवर्तन का सूत्रपात किया। प्रधानमंत्री आवास योजना इसी दिशा में उठाया गया एक ऐसा कदम था, जिसने परिवार को छत दी। आप लाख कहें महिला के लिए उसके घर से बड़ी कोई चीज नहीं होती। यह बहुत भावनात्मक विषय है, जो सामान्य मन से समझ में नहीं आएगा। कोरोना संकट में देश और उसके नागरिकों की अभिभावक की तरह चिंता कर-के प्रधानमंत्री ने लोगों के मन में जगह बना ली। वैक्सीन से लेकर 80 करोड़ परिवारों को राशन ने स्त्रियों के मन में सरकार के प्रति भरोसा जगाया।


स्त्री कल्याण की योजनाएं मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान को 'मामा' के रूप में स्थापित कर गयीं। शिवराज जी मध्यप्रदेश में इसी लोकप्रियता के कारण अपनी सीट आठ लाख से ज्यादा मतों से जीते और मध्य प्रदेश में सबसे बड़ी सफलता मिली। भाजपा मध्यप्रदेश की सरकार सामाजिक कल्याण की योजनाएं और केंद्र की योजनाओं ने कमाल किया। भरोसा पैदा किया। मोदी ने 2014 में सत्ता में आते ही अपनी सरकार को गरीबों के कल्याण के समर्पित होने की 'घोषणा' की थी। यह घोषणा बाद के 10 सालों में 'संकल्प' सरीखी नजर आई। भरोसा जगाते हुए मोदी देश के दिल में उतरते चले गए। मध्यप्रदेश में नरेंद्र मोदी के प्रति गहरा प्रेम और सम्मान तब भी प्रकट हुआ, जब विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अभूतपूर्व जनादेश प्राप्त किया। इसके लिए पीएम ने सार्वजनिक मंच पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की पीठ भी ठोंकी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने साफ कहा कि महिला कल्याण की कोई योजना बंद नहीं होगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी लालड़ी बहना योजना को चुनावों में प्रभावित करने वाला बताते हैं।


संसद और विधानसभाओं के लिए महिला आरक्षण बिल पास करवाना भी केंद्र सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि रही। लंबे समय से लंबित यह बिल अनेक सरकारों के प्रयास के बाद भी पास नहीं हो सका था। मोदी सरकार की स्त्री मुद्दों पर प्रतिबद्धता भी इससे जाहिर हुई। साथ ही इस संसदीय चुनाव में देश में भाजपा ने 69 महिलाओं को टिकट दिया। कांग्रेस ने 41 महिला प्रत्याशी उतारे।? संकेत और संदर्भ राजनीति को प्रभावित करते हैं। ऐसे में भाजपा की ओर स्त्री शक्ति का आकर्षण सहज ही है। आंकड़े बताते हैं कि हर वर्ग की महिलाओं में भाजपा की लोकप्रियता किसी अन्य दल से ज्यादा है। मोदी वैसे भी सामान्य रूप से सभी वर्गों के आकर्षण के केंद्र हैं। महिलाओं और युवाओं में उनकी लोकप्रियता बहुत है। सही मायनों में भारतीय लोकतंत्र में बढ़ती महिलाओं की हिस्सेदारी और उनका वोट प्रतिशत बड़े बदलाव का सूचक है। राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के चुनाव ने राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं को प्रेरित किया। नरेंद्र मोदी ने 'आकांक्षावान भारत' की उम्मीदों को पंख लगा दिए हैं। अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर महिलाएं सदैव चिंतित रहती हैं। अपने विकास केंद्रित विजन से मोदी सरकार भविष्य के आत्मविश्वासी भारत की नींव रख चुकी है। भरोसा यहीं से आता है। महिलाएं जानती हैं यह मोदी की गारंटी है, पूरी होनी चाहिए। स्त्री शक्ति के इस सहयोग और आशीर्वाद के बाद मोदी सरकार की जिम्मेदारियां बहुत बढ़ गई हैं, देखना है केंद्र सरकार आने वाले समय में इन प्रश्नों को किस तरह संबोधित करती है। फिलहाल तो देश की जनता और स्त्री शक्ति के जनादेश से सत्ता में आई एनडीए सरकार को शुभकामनाएं ही दी जा सकती हैं।

मध्यप्रदेश ने साबित किया है कि सत्ता और संगठन में समन्वय से ही अच्छे परिणाम पाए जा सकते हैं। महिलाओं को अपने साथ गोलबंद कर भाजपा ने अपना आधार मध्यप्रदेश में बहुत मजबूत कर लिया है। महिला आरक्षण बिल के बाद निश्चित ही आने वाले समय में राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए महिलाओं को आगे आना ही होगा। ऐसे में मध्यप्रदेश में होने वाले संगठनात्मक प्रयोग अन्य राज्यों के लिए भी सबक होंगे।

# पंडित जी को पछियाते मोदी जी

**@ राकेश अचल**





भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के पदचिन्हों पर न चलते हुए भी नरेंद्र दामोदर दास मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बन गए हैं। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मै माननीय नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी का स्वागत करता हूँ, वंदन, अभिनदं करता हूँ। वे उन सबके भी प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने उन्हें अपने मताधिकार के जरिये खारिज किया। कुल मिलाकर वे भारत के प्रधानमंत्री हैं, लेकिन उनके समर्थक, अंधभक्त मोदी जी की तुलना जब पंडित जवाहर लाल नेहरू से करते हैं तो हंसी भी आती है और दया भी। क्योंकि दोनों के चाल, चरित्र और चेहरे में कोई मेल है ही नहीं।

दरअसल नरेंद्र मोदी जी और उनका परिवार पंडित जवाहर लाल नेहरू से जबरदस्त घृणा करता है, बावजूद वो मोदी जी को उनके बराबर खड़ा भी करना चाहता है। काल्पनिक आंकड़ों के जरिये, किस्सों-कहानीयों के जरिये। नेहरू जी कश्मीरी पंडित थे और मोदी जी गुजराती पिछड़े वर्ग से आते हैं। नेहरू जी, मोदी जी से 61 साल पहले जन्मे थे। उनके पिता पंडित मोतीलाल नेहरू धनी बैरिस्टर थे, मोदी जी के पिता गरीब चाय वाले।[] चायवाला होना कोई बुरी बात नहीं है।]

बात तो ये है कि मै नेहरू और मोदी की तुलना करना ही नहीं चाहता, क्योंकि दोनों में कोई बराबरी, साम्य है ही नहीं, लेकिन अंधभक्तों को हकीकत से रुबरू करने के लिए मुझे ये कृत्य करना पड रहा है। ये कुकृत्य है या सुकृत्य ये पाठक खुद तय करेंगे। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने दुनिया के कुछ बेहतरीन स्कूलों और विश्वविद्यालयों में शिक्षा प्राप्त की थी। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा हैरो से और कॉलेज की शिक्षा ट्रिनिटी कॉलेज, कैम्ब्रिज (लंदन) से पूरी की थी। इसके बाद उन्होंने अपनी लॉ की डिग्री कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से पूरी की। इंग्लैंड में उन्होंने सात साल व्यतीत किए जिसमें वहां के फैबियन समाजवाद और आयरिश राष्ट्रवाद के लिए एक तर्कसंगत दृष्टिकोण विकसित किया। जवाहरलाल नेहरू 1912 में भारत लौटे और वकालत शुरू की।

अब मोदी जी के बारे में जान लीजिये। बकौल गूगल जी माननीय मोदी जी आठ वर्ष की आयु में वे आरएसएस से जुड़े, जिसके साथ एक लम्बे समय तक सम्बन्धित रहे। स्नातक होने के बाद उन्होंने अपना घर छोड़ दिया। उन्होंने स्नातक कहाँ से किया ये केवल सुप्रीम कोर्ट जानता है देश नहीं। मोदी ने दो साल तक भारत भर में यात्रा की, और अनेकों धार्मिक केन्द्रों का दौरा किया। 1969 या 1970 वे गुजरात लौटे उसके बाद अहमदाबाद चले गए। 1971 में वह आरएसएस के लिए पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए। मोदी जी लिखते-पढ़ते नहीं है। वे जब-जब फुरसत में होते हैं योग-ध्यान करते है।

आइये फिर नेहरू के बारे में जान लेते हैं। 1916 में उनकी शादी कमला नेहरू से हुई। और वे ताउम्र उनकी जीवन संगिनी बनी रहीं 1917 में जवाहर लाल नेहरू होम रुल लीग? में शामिल हो गए। राजनीति में उनकी असली दीक्षा दो साल बाद 1919 में हुई जब वे महात्मा गांधी के संपर्क में आए। उस समय महात्मा गांधी ने रॉलेट अधिनियम के खिलाफ एक अभियान शुरू किया था। नेहरू, महात्मा गांधी के सक्रिय लेकिन शांतिपूर्ण, सविनय अवज्ञा आंदोलन के प्रति खासे आकर्षित हुए।

नेहरू ने महात्मा गांधी के उपदेशों के अनुसार अपने परिवार को भी ढाल लिया। जवाहरलाल और मोतीलाल नेहरू ने पश्चिमी कपड़ों और महंगी संपत्ति का त्याग कर दिया। वे अब एक खादी कुर्ता और गांधी टोपी पहनने लगे। जवाहर लाल नेहरू ने १९२०-१९२२ में असहयोग आंदोलन में सक्रिय हिस्सा लिया और इस दौरान पहली बार गिरफ्तार किए गए। कुछ महीनों के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

नेहरू के मुकाबले खड़े किये जा रहे मोदी जी कभी जेल नहीं गए। 1975 में देश भर में आपातकाल की स्थिति के समय उन्हें कुछ समय के लिए अज्ञातवास जरूर करना पड़ा। 1985 में वे भाजपा से जुड़े और 2001 तक पार्टी पदानुक्रम के भीतर कई पदों पर कार्य किया, जहाँ से वे धीरे धीरे भाजपा में सचिव के पद पर पहुँचे गए। जबकि पंडित जवाहर लाल नेहरू 1924 में इलाहाबाद नगर निगम के अध्यक्ष चुने गए और उन्होंने शहर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में दो वर्ष तक सेवा की। 1926 में उन्होंने ब्रिटिश अधिकारियों से सहयोग की कमी का हवाला देकर त्यागपत्र दे दिया। 1926 से 1928 तक, जवाहर लाल नेहरू ने अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव के रूप में सेवा की। 1928 -1929 में, कांग्रेस के वार्षिक सत्र का आयोजन मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता में किया गया। नेहरू को कभी ऊपर से प्रक्षेपित नहीं किया गया। वे लड़ते-जूझते आगे बढे। कुल 13 साल जेलों में रहे, एक दर्जन किताबें उन्होंने लिखीं।

लेकिन माननीय मोदी जी और नेहरू में एक भिन्नता ये है की मोदी जी की शादी हुई लेकिन वे उसका निर्वाह नहीं कर पाए। उनकी पत्नी आज भी गुजरात में अकेले गुजर-बसर कर रहीं हैं। दुसरे मोदी जी को हमेशा पैराशूट से राजनीति में उतारा गया।पहली बार उनका पैराशूट गुजरात में ही उतरा। गुजरात भूकम्प के बाद गुजरात के तत्कालीन मुख्यमन्त्री केशुभाई पटेल के असफल स्वास्थ्य और खराब सार्वजनिक छवि के कारण श्री नरेंद्र मोदी को 2001 में गुजरात के मुख्यमन्त्री पद पर नियुक्त किया गया। वे 12 साल गुजरात के मुख्यमंत्री रहे लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी भी उन्हें राजधर्म नहीं सिखा पाए। उनके कार्यकाल में गुजरात में भीषण दंगे भी हुए। वे दूसरी बार वे 2014 में पैराशूट से देश के प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी के रूप में अपने तमाम रिश्तों को धकियाते हुए उतारे गए।

बीच का तमाम मुकाबला छोड़ते हुए अब मै सीधे नेहरू और मोदी के तीसरे चुनाव पर आता हू। नेहरू ने तीसरा चुनाव 1962 में लड़ा। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने 361 सीटें जीतीं जो 1957 के चुनाव में जीती गयीं सीटों के मुकाबले 10 कम थीं। नेहरू जी की कांग्रेस को मिले मतों का प्रतिशत 44 से अधिक था यानि उनके मतों में कुल जमा 3 फीसदीकी गिरावट आयी थी। अब मोदी जी का तीसरा चुनाव देख लीजिये। मोदी जी ने अपना तीसरा चुनाव 2024 में लड़ा। उनके नेतृत्व में भाजपा को सीटें मिलीं 240 जबकि 2019 में भाजपा को सीटें मिलीं थी 303 और मत प्रतिशत था 37। यानि मोदी जी ने सीटें भी खोईं और मत प्रतिशत भी गंवाया। लेकिन फिर भी वे अपनी पार्टी के सिरमौर हैं।

यानि नेहरू जी को पछियाने वाले मोदी जी हर दृष्टि से नेहरू के पासंग नहीं है। फिर भी मोदी जी विश्वगुरु हैं। देश के मोदी भक्तों को जानना चाहिए की नेहरू ने अपने राजनितिक जीवनमें सरकार चलने के लिए कभी किसी बैशाखी का सहारा नहीं लिया। कभी अदावत की राजनीती नहीं की। कभी विपक्ष को शत्रु नहीं समझा। नेहरू जी की उपलब्धियां मोदी जी की तमाम उपलब्धियों का पासंग भी नहीं हैं मोदी जी महान हैं क्योंकि वे महान है। पिछले दस साल में मोदी जी ने भारत की राजनीति में जितने उपद्रव किये हैं वे किसी से छिपे नहीं हैं। लेकिन भारत की महान जनता ने उन्हें उनके किसी गुनाह के लिए चौराहे पर लाकर शर्मसार नहीं किया। नेहरू के जीवन में गांधी थे, मोदी के जीवन में माधव सदाशिव गोलवलकर। मोदी जी ने तो गाँधी के बारे में रिचर्ड की फिल्म ' गांधी ' देखने के बाद जाना।बहरहाल मोदी जी हमेशा मोदी जी ही रहेंगे और नेहरू जी हमेशा नेहरू जी ही रहने वाले हैं। भारत की राजनीति में नेहरू आज भी बच्चों के चाचा हैं और मोदी जी क्या हैं ये अभी तक तय नहीं हुआ। भगवान करें कि मोदी जी अपना तीसरा कार्यकाल सफलता के साथ पूरा करें। मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में उनके पास बैशाखियाँ भी हैं और राहु-केतु भी। मोदी जी के सामने पहली बार सबल विपक्ष भी है और वो कांग्रेस भी जिसे वे नेस्तनाबूद करना चाहते हैं किन्तु कर नहीं पा रहे हैं। ईश्वर उन्हें शक्ति दे।

# शोध में खर्च बढ़े

भारत ने विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन इसमें वैश्विक स्तर पर हमारी उपस्थिति अपेक्षाकृत बहुत कम है. शोध एवं विकास के मद में हमारा खर्च देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 0.7 प्रतिशत से भी कम है, जबकि इस खर्च का वैश्विक औसत 1.8 प्रतिशत है. भारत के विज्ञान एवं तकनीक विभाग के सचिव अभय करंदीकर ने कहा है कि यदि हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस क्षेत्र में अग्रणी होना है, तो शोध एवं विकास में खर्च में उल्लेखनीय बढ़ोतरी करते हुए इसे जीडीपी का तीन से चार प्रतिशत किया जाना चाहिए.

करंदीकर इंजीनियर एवं अन्वेषक हैं तथा दूरसंचार के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए प्रतिष्ठित हैं. सचिव बनने से पहले वे आइआइटी, कानपुर के निदेशक एवं प्राध्यापक रह चुके हैं. उनके अनुभव, उपलब्धि और योगदान को देखते हुए शोध एवं अनुसंधान के संबंध में उनके सुझाव का महत्व बढ़ जाता है. उन्होंने उचित ही रेखांकित किया है कि खर्च बढ़ाने का कार्य सरकार अकेले नहीं कर सकती है. इसमें निजी क्षेत्र को बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी होगी. जो देश शोध एवं विकास के मद में अपनी जीडीपी के दो प्रतिशत हिस्से से अधिक का खर्च करते हैं, उसमें 70 से 80 प्रतिशत योगदान निजी क्षेत्र से आता है.

भारत ने इस खर्च को दो प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, लेकिन अनुसंधान खर्च में लगातार वृद्धि के बावजूद यह कभी एक प्रतिशत के स्तर तक भी नहीं पहुंच पाया है. निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ने से अनेक लाभ हो सकते हैं. सबसे अहम बात तो यह है कि ऐसा होने से धन की कमी दूर होगी और संसाधनों की उपलब्धता बढ़ेगी. निजी क्षेत्र को बाजार की जरूरतों की जानकारी भी ज्यादा होती है. इससे अन्वेषण, उत्पाद विकास और तकनीक को लागू करने में तेजी आती है. तकनीक के लाभ भी लोगों तक जल्दी पहुंचते हैं. मानव संसाधन के मामले में भी चुनौतियां हैं. देश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है. भारत में शिक्षित-प्रशिक्षित लोग दुनियाभर के शोध केंद्रों तथा उन्नत तकनीक की कंपनियों में कार्यरत हैं. लेकिन भारत में जो प्रतिभा और कौशल है, वह इतने बड़े देश के लिए पर्याप्त नहीं है. ऐसी स्थिति में हमें विज्ञान के क्षेत्र, विशेष रूप से नये एवं उन्नत क्षेत्रों, में अधिक मानव संसाधन की आवश्यकता है. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम तकनीक, सेमीकंडक्टर आदि में हमारी प्रगति उल्लेखनीय है, पर वह अनेक देशों में हो रहे कार्यों के बराबर नहीं है. इन क्षेत्रों में स्टार्ट-अप के आने से नयी संभावनाएं पैदा हुई हैं. उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष केंद्र सरकार ने क्वांटम मिशन की शुरूआत भी की है. यदि धन की उपलब्धता बढ़ी, तो निश्चित ही विज्ञान एवं तकनीक में तेजी आयेगी

# पोल खुल गई मोदी मैजिक के मिथक की

**- जगदीश रत्तनानी**



परिणाम बताते हैं कि धन बल बहुमत पाने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकारी मशीनरी व मीडिया पर मोदी सरकार का पूरा नियंत्रण था। भाजपा ने बाद में घोषित अवैध चुनावी बॉन्ड और अन्य स्त्रोतों से बेशुमार धन उगाहा। इन सबके बावजूद भाजपा असफल रही। यहां वीपी सिंह की याद आती है जिन्होंने एक बार कहा था- 'भारत में आप पैसों के अभाव में चुनाव हार सकते हैं लेकिन आप सिर्फ इसलिए नहीं जीत सकते कि आपके पास पैसा है।'

अब यह स्पष्ट है कि भारत के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के मोदीकृत संस्करण को खारिज कर दिया है। नई लोकसभा में भाजपा बहुमत से काफी पीछे है। भले ही भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए केंद्र में सरकार बना ले लेकिन इस समय जिस नैरेटिव को आगे बढ़ाया जा रहा है उससे इस बात की संभावना बढ़ जाती है कि गठबंधन की राजनीति के पेंचों के सामने मजबूत दिखने वाली भाजपा झुकने के लिए मजबूर हो जाएगी। भाजपा को अपने नए साझीदारों, विशेष रूप से चंद्रबाबू नायडू (तेलुगु देशम पार्टी) और नीतीश कुमार (जनता दल-यूनाइटेड) की बात सुनने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा जिन्होंने नई ताकत हासिल कर ली है। खबरों के मुताबिक ये दोनों पहले से ही प्रमुख विभागों की मांग कर रहे हैं। यह अपने आप में भाजपा पर ब्रेक लगाता है जो अंहकारवश धर्म की अपनी खुद की धुन बजाती है जिसे कई भारतीय नापसंद करने लगे हैं। इन परिस्थितियों में हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में मोदी के नेतृत्व वाली कमान और नियंत्रण के प्रति आसक्त भाजपा के दिन शायद ढल गए हैं। अब यह एक रास्ते, एक चुनाव, एक व्यक्ति, एक सत्य की पार्टी नहीं हो सकती। भारत के लोगों, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के मतदाताओं ने यह सुनिश्चित किया है कि भाजपा इंद्रधनुष में शामिल सभी रंगों के बारे में कुछ महत्वपूर्ण सबक सीखे जिनके संयोग से सफेद रंग का सृजन होता है। कम से कम 2024 के चुनाव कई अन्य ट्विस्ट और टर्न की संभावनाओं के साथ खबरों में हैं जिनमें भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनने के बावजूद मोदी की शीर्ष पर बने रहने की संभावना जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न शामिल हैं। अब तक किसी भी चुनौती को उठाने या अपने नेतृत्व के किसी भी सवाल को पूछने के लिए अभ्यस्त न होने की वजह से खोखली हुई पार्टी चुनाव परिणामों से मिले झटकों से उबरने में कुछ समय लेगी। संभवतः वह पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आंतरिक विद्रोह करने के संकेतों के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर देखेगी। यह एक ऐसी घटना हो सकती है जिसकी कुछ समय पहले तक कोई संभावना नहीं दिखती थी।

इसके अलावा, भाजपा के साथ चुनावी गठबंधन करने वाली कुछ पार्टियों की ओर से संकेत मिले हैं कि वे अपनी मूल पार्टियों की ओर लौट सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी। मूल पार्टी से अलग हुए गुटों के वापस अपनी पार्टी में लौटने के कारण एनडीए के सिकुड़ने की संभावना बढ़ जाती है। कुछ अपुष्ट रिपोर्टों के अनुसार भाजपा के साथ गठबंधन करने वाले शिवसेना (शिंदे) के नवनिर्वाचित सांसद और विधायक उद्धव ठाकरे की शिवसेना के संपर्क में हैं। शिवसेना(उद्धव गुट) भाजपा के खिलाफ और आईएनडीआईए गठबंधन के साथ है।

इस बात की भी संभावना है कि चुनावी परिणामों से डरे हुए नरेंद्र मोदी अधिक नियंत्रण हासिल करने और विपक्ष को कोसने के साथ-साथ प्रतिशोध की राजनीति को दोगुना करने की कोशिश करेंगे। पिछले कई वर्षों से यह पार्टी की पहचान रही है और मोदी इस काम में सबसे अधिक निपुण हैं। विपक्ष को खत्म करने की यह प्रवृत्ति चुनाव के बाद के परिदृश्य में नए मोड़ ला सकती है। मंगलवार की शाम को भाजपा मुख्यालय में मोदी के दिये पहले भाषण से संकेत मिलता है कि चुनावी नतीजों ने उनमें कोई विशेष बदलाव नहीं लाया है। इस भाषण में सिर्फ एक बार उन्होंने 'मोदी की गारंटी' शब्द का इस्तेमाल किया। प्रचार अभियान के दौरान उन्होंने बार-बार 'मोदी की गारंटी' शब्द का इस्तेमाल किया था। समय बताएगा कि क्या यह एक झांसा देने वाला बड़बोलापन है या मोदी शैली की आने वाली राजनीति का संकेत है; और क्या यह आरएसएस से बैकरूम समर्थन के बाद आता है या वास्तव में पार्टी में आंतरिक रूप से उनके खिलाफ विरोध को रोकने की एक चाल है? हालांकि मोदी द्वारा कही गई इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि यह एक 'एनडीए सरकार' होगी। यह एक स्व-घोषित कदम है और मोदी में आए एक बदलाव का संकेत भी। जिस बदलाव के अभाव में भाजपा और उसकी राजनीति अब यहां तक सिमट कर रह गई है।

मोदी को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जाना जाएगा जिसने एक पार्टी की कमान संभाली और 'मोदी की गारंटी' कहे जाने वाले चुनावी वादों से लेकर योजनाओं, परियोजनाओं, संस्थानों और यहां तक कि क्रिकेट स्टेडियम तक को एक व्यक्ति की सेवा में लगा दिया। एक ऐसा व्यक्ति जो एक तरफ आत्म-मुग्ध था और दूसरी तरफ राजनीतिक संवादहीनता के कारण उत्पन्न कटुता ने जिसे निम्न स्तर पर धकेल दिया। कभी नेतृत्व की व्यापकता का दावा करने वाली पार्टी पर कब्जा, मोदी का गुणगान करने वालों को तरक्की देना और लाइमलाइट में रहने के लिए सांप्रदायिकता का इस्तेमाल सत्ता के शॉर्टकट के रूप में किया जाता था, यह सब तथाकथित 'मोदी जादू' के मिथक का निर्माण करने वाली कहानी का एक हिस्सा है।

# परिजनों की डांट से क्षुब्ध दो बहनों ने कुआ में कूद की आत्महत्या

### शव देखते ही परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**



कुआ से शव निकलवाती पुलिस।

**चित्रकूट।** राजापुर थाने के नांदिन कुर्मियान गांव की दो सगी बहनें परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर घर के पास स्थित कुआ में कूद गईं। दोनों के शव कुआ में उतराने पर पहुंची पुलिस ने शवों को कुआ से निकलवाया। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

ये घटना शुक्रवार को तडके हुई। बताया गया कि राजापुर थाने के नांदिन कुर्मियान के ज्ञान सिंह की पुत्री सोमवती (22) व अनामिका उर्फ खुशबू (18) शुक्रवार को तड़के घर से लापता हो गई। दिनभर परिजन तलाश करते रहे। शाम को थाने में पुत्रियों के लापता होने की सूचना दी। परिजनों ने बताया कि बड़ा भाई दीपक सिंह शुक्रवार को तड़के तीन बजे गांव के अजय सिंह के यहां रामायण से घर लौटा था। घर में दोनो बहने जग रही थीं। दीपक ने दोनों को सोने को कहा। दीपक खुद कमरे में जाकर सो गया। परिजनों की डांट से क्षुब्ध दोनों बहनें घर के पास स्थित कुआ में कूद गईं। आज कुआ में दोनों के शव उतराते ग्रामीणों ने देखा तो परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कुआ से निकलवाकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने कहा कि घटना स्थल का जायजा लिया है। जांच-पडताल की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। फिलहाल दोनों पुत्रियों की खुदकुशी की बात सामने आ रही है। हर पहलू बारीकी से जांच की जा रही है।

## पुलिस हिरासत से भागे आरोपी को नहीं पकड सकी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सिपाही पर जानलेवा हमला कर पुलिस की हिरासत से भागने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस दूसरे दिन भी गिरफ्तार नहीं कर सकी। पुलिस हिरासत से भागे आरोपी रवि पांडे को 24 घंटे से ज्यादा हो गये हैं।

ज्ञात है कि बाइक सवार तीन लोगों ने धनुष चैराहे पर शुक्रवार को हवालात में तैनात दीवान शाकिर हुसैन पर मोटरबाइक सवार तीन लोगों ने पथराव कर जानलेवा हमला कर पुलिस से गुंडई की थी। दीवान की कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। तीन आरोपियों को पकड़ने के बाद कोतवाली कर्वी पुलिस की लापरवाही से मुख्य आरोपी रवि पांडे हिरासत से भाग गया था। पुलिस उसे अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी। इस बारे में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जायेगा।

# स्वच्छता के महत्व को सभी लोग समझेंः ईओ

**अखंड भारत संदेश**



सफाई करते समिति के लोग।

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत राम दर्शन के सामने 118वां स्वच्छता अभियान चलाया।

रविवार को ईओ लालजी यादव ने कहा कि गांधी के सपनों को पूरा करने को स्वच्छता अभियान चल रहा है। सभी लोग स्वच्छता के महत्व को समझें और आसपास स्वच्छ रखकर पर्यावरण को साफ रखें। ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत 2027 तक विकसित भारत बने। हर भारतीय का विकसित भारत का सुनहरा सपना है, जो पूरा होता दिख रहा है। विकसित भारत का मतलब प्रदूषण मुक्त भारत हो। हर जगह स्वच्छता हो, दूर-दूर तक गंदगी न हो। सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि चित्रकूट को स्वच्छ व साफ रखकर विकास कर सकते हैं। जगह-जगह गंदगी न फैलायें, विशेष ध्यान रखें। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान को महात्मा गांधी ने शुरू किया था। स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य है कि जगह-जगह कचरा न फैले। अभियान में जितेंद्र केसरवानी, अंकुर केसरवानी, विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा, वीरेंद्र, सनी, रामसिया, दीपक, मलिक, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, विजय आदि शामिल रहे।

# राज्य उच्च शिक्षा परिषद की हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**



बैठक में बोलते उच्च शिक्षा मंत्री।

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान रुसा मप्र से गठित मप्र राज्य उच्च शिक्षा परिषद की बैठक उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की अध्यक्षता में हुई।

रविवार को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा राज्य स्तरीय बैठक में शामिल हुए। उच्च शिक्षा मंत्रालय भोपाल स्थित सभाकक्ष में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने राज्य उच्च शिक्षा परिषद की आठवीं बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया। उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय के उच्च स्तरीय अधिकारी, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति व महाविद्यालयों के प्राचार्य मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने मनाया विजय उत्सव, धनुष चौराहे में की नारेबाजी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपाइयों ने विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को मोदी की गारंटी को तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने पर व नरेंद्र मोदी के शपथ लेने के पहले धनुष चौराहे पर विजय उत्सव मनाया। लोगों के बीच मिष्ठान बांटा।

शनिवार को देर शाम विजय उत्सव पर भाजपा नेता चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है। गरीब, किसान, युवा, महिला सभी वर्ग दस साल में लाभान्वित हुए हैं। ये मोदी की गारंटी है। रंजना उपाध्याय ने कहा कि मोदी की अगुवाई में भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बना है। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने धारा 370 निरस्त कर इतिहास रचा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। भाजपा ने जो कहा उसे पूरा किया। पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि मोदी की अगुवाई में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। तीसरे कार्यकाल में गरीबी मुक्त भारत बनाया जायेगा। जिला उपाध्यक्ष आनंद पटेल ने कहा कि जनता के सपनों को भाजपा की डबल इंजन सरकारें पूरा कर रही हैं। जिला महामंत्री अश्विनी अवस्थी ने कहा कि मोदी गारंटी से 11 करोड़ से अधिक किसान पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ उठा रहे है। जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश पाण्डेय ने कहा कि उज्जवला योजना से दस करोड़ महिलाओ को चूल्हे के धुआ से मुक्ति मिली है। जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह ने कहा कि मोदी की गारंटी जनधन से 51 करोड़ गरीबों को बैंकिंग सुविधा मिली है। जिला उपाध्यक्ष हरिओम करवरिया ने कहा कि मोदी की गारंटी से 37 किमी हाइवे का प्रतिदिन निर्माण हो रहा है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि ये विजय उत्सव भारत के नव अरुणोदय का है। ये विजय उत्सव जातिवादी परिवारवादी राजनीति करने वालों की साजिश पर विजय का शंखनाद है। ये विजय उत्सव राष्ट्रवाद की विजय का जयघोष है। जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विकास मिश्रा ने कहा कि मोदी गारंटी से 78 लाख रेहड़ी-पटरी के दुकानदार सशक्त हुए हैं। युवा मोर्चा महामंत्री मोहित मिश्रा ने कहा कि मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी अर्थ शक्ति बनेगा।

इस मौके पर महामंत्री प्रमेन्द्र प्रताप सिंह, आनंद त्रिपाठी बब्बू, महेन्द्र कोटार्य, राजेश जायसवाल, रामसागर चतुर्वेदी, बद्री प्रसाद त्रिपाठी, श्रवण पटेल, अरविन्द रलिहा, आशीष पाण्डेय, गौरव करवरिया, आदित्य सुखेन्द्र मधुर, किशन अग्रहरि, सुशील द्विवेदी, बबलू तिवारी, द्रोणाचार्य द्विवेदी, राघव अग्रवाल, मनोज तिवारी, रमाकांत पाण्डेय, बांकेबिहारी चौबे, राधिकाबिहारी मिश्र, आदित्य त्रिपाठी समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आदर्श नहर परियोजना में हो रहा बडा खेल

### तीन ठेकेदार व सहायक अभियंता की है मिलीभगत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के रैपुरा गांव स्थित गुन्ता बांध की मुख्य नहर से मऊ तहसील के रामनगर गांव से बुधवल चहटा माइनर जाने वाले पांच किमी नहर सुन्दरीकरण/मरम्मतीकरण के नाम पर बड़ा खेल हो रहा है। सहायक अभियंता व ठेकेदारों की मिलीभगत से गुणवत्ताविहीन कार्य कराकर सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है।

ये खुलासा रविवार को हुआ। बताया गया कि इस नहर के सुंदरीकरण/मरम्मतीकरण का कार्य आदर्श नहर परियोजना से हो रहा है। नहर निर्माण कार्य व पुलिया/पुल मरम्मत व नहर की जमीन को खाली कराने की गरज से किया जा रहा है। नहर के सुंदरीकरण/मरम्मत से किसानों को सही ढंग से खेती-किसानी को पानी मिले, जिम्मेदार अधिकारी व ठेकेदारों की मिलीभगत से गुणवत्ताविहीन कार्य से सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है। सिंचाई निर्माण खण्ड की गुन्ता बांध परियोजना से मानिकपुर तहसील के रैपुरा से होते हुए मऊ तहसील के बांधी, खजुरिहा कला, खजुरिहा खुर्द, भखरवार, पहाड़ी, रामनगर, छीबों, बुधवल समेत दर्जनों गांव की खेती-किसानी इसी परियोजना से की जाती है। गुन्ता बांध मुख्य नहर में देवी प्रसाद मिश्रा सहायक अभियंता, जो जिले में एक ही नहर परियोजना में कई वर्षों से जमे हैं। सहायक अभियंता नहरों के मरम्मतीकरण व सिल्ट सफाई कार्यों में ठेकेदारों की मिलीभगत से सरकारी धन को ठिकाने लगा रहे हैं। सहायक अभियंता देवी प्रसाद मिश्रा की दबंगई के आगे अवर अभियंता भी हां में हां मिला रहे हैं। गुंता मुख्य नहर के रामनगर से चहटा बुधवल तक पांच किमी तक आदर्श नहर परियोजना से कार्य हो रहा है। सहायक अभियंता देवी प्रसाद मिश्रा की देखरेख में निर्माण कार्य हो रहे हैं। तीन ठेकेदारों के नाम टेंडर किये हैं। ठेकेदार धर्मेन्द्र शुक्ला पियरियामाफी समेत सत्ताधारी दल के नेता व दूसरा सरकारी कर्मचारी का पुत्र ठेकेदार है, जो पद व रसूख के बूते आदर्श नहर परियोजना से हो रहे नहर निर्माण कार्य में धांधली कर रहे हैं। सरकार के किसानों को खेती में पानी की सहूलियत हो, नदियों, तालाबों व नहरों की मरम्मत हो रही है। बड़ी संख्या में अमृत सरोवर बन रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी व ठेकेदारों की मिलीभगत से गुणवत्ताविहीन कार्यों से सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है। जिला प्रशासन गुंता मुख्य नहर से रामनगर चहटा बुधवल तक आदर्श नहर परियोजना में निर्माण कार्य में हो रही धांधली की जांच कब करायेगा।

## पुलिस ने दबोचे तीन वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे हैं। रविवार को पहाडी थाने के दरोगा परशुराम यादव ने सिपाही संतोष यादव व राहुल के साथ गौवध निवारण अधिनियम के वारंटी राजन रैदास पुत्र घनश्याम रैदास निवासी नांदी को गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के दरोगा राजोल नागर ने सिपाही भास्कर शुक्ला के साथ आबकारी अधिनियम के वारंटी प्रेमचन्द्र उर्फ बुलबुल पुत्र रामगोपाल कुशवाहा सुभाषनगर को गिरफ्तार किया। चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह ने सिपाही अनुज दुबे व मनोज कुमार के साथ जालसाजी के वारंटी अमानत पुत्र इद्दू बक्स मुस्लिम पुरवा मजरा सरैंया को गिरफ्तार किया।

# पुलिस ने दबोचे सात वारंटी-एक वांछित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने सात वारंटी व एक वांछित को दबोचा है। रविवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा श्याम देव सिंह ने सिपाही शिवपूजन यादव के साथ घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज व क्षति पहुंचाने के वारंटी सुनील पुत्र सुकरू, छोटा पुत्र महादेव रैकवार, पप्पू पुत्र मुन्ना रैकवार, कामता पुत्र महादेव रैकवार निवासी शंकर बाजार को गिरफ्तार किया है।

इसी क्रम में रैपुरा थाने के दरोगा दिनेश कुमार पांडेय ने सिपाही हेमंत आर्य के साथ हादसे के वारंटी धर्मेंद्र गुप्ता पुत्र चुन्नू गुप्ता भौंरी हाल-पता बसिला को गिरफ्तार किया। बहिलपुरवा थाने के दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह ने सिपाही जितेन्द्र मौर्य के साथ चोरी-माल बरामद के वारंटी रवि पुत्र बृजलाल निवासी चुनकावन पुरवा मजरा कर्का पडरिया को गिरफ्तार किया। सरधुवा थाने के दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय ने सिपाही अतुल मिश्रा के साथ बलबा व जानलेवा हमला तथा डकैती एक्ट के वारंटी सिकन्दर पुत्र ज्ञान दरसेड़ा को गिरफ्तार किया। बरगढ थाने के दरोगा रामाधार व दरोगा अकरम खां तथा सिपाही रंजीत यादव के साथ गौवध निवारण अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट के वांछित जुनेद अहमद पुत्र स्व जुबेर अहमद लखनपुर थाना एयरपोर्ट जिला प्रयागराज को गिरफ्तार किया।



पुलिस गिरफ्त में हमलावर।

### :डीजे बजाने का मामला:

# पुलिस पर हमला करने वाले 13 दबोचे, शेष की गिरफ्तारी के प्रयास जारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा रामकुमार की टीम ने पुलिस टीम पर हमला करने वाले 13 लोगों को गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 7/8 जून की रात थाना भरतकूप के रौली कल्याणपुर गांव में रात 12 बजे डीजे बजाने की शिकायत पर डीजे बजाने से रोकने पर ग्रामीणों व रिश्तेदारों ने पुलिस पार्टी पर हमला बोल दिया था। इस बाबत थाने में पुलिस मुजहमत तथा 7 क्रिमनल लॉ एमेन्डमेन्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। भरतकूप पुलिस ने मामले में नामजद मनोज कुमार, नीरज, रोहित पुत्र कालीदीन मनकी पुरवा थाना जमालपुर बांदा, सर्वेश पुत्र राजाराम महोखर बाइपास जमालपुर बांदा, राजरानी पत्नी इन्द्रभवन मनीपुर थाना गिरवां बांदा, पानकुमारी पत्नी महेश लुहिया थाना भरतकूप, इन्दू प्रसाद पुत्र रामजी, सुशील पुत्र चन्द्रप्रसाद, नीलम पत्नी उमाशंकर, सुल्ता पत्नी फूलचन्द्र, सन्तोषी पत्नी महेन्द्र, साधन पत्नी सोनू निवासी रौली कल्याणपुर व महेश पुत्र गिल्ला ल्यौझा भरतकूप को गिरफ्तार किया। शेष की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। टीम में दरोगा रामकुमार, सिपाही विजय, अखिलेश तोमर, शिवम मिश्रा, नरेन्द्र सिंह, विवेक सिंह, महिला सिपाही दीपिका, महिला सिपाही शिखा शामिल रहे।

# मनचलों को रोकने को सादे डेट्रुस में तैनात रहती पुलिस

**अखंड भारत संदेश**



महिलाओं को जागरूक करती एंटी रोमियो टीम।

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के जारी मिशन शक्ति अभियान-4 में जिले के सभी थानों की एंटी रोमियों टीमों/शक्ति दीदी ने विभिन्न सार्वजनिक स्थल व गांवों में भ्रमण कर महिला व बालिकाओं को जागरुक किया।

रविवार को मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी अभियान में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में सभी थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियों टीमों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों व गांवों में भ्रमण किया। महिलाओं/बालिकाओं को चैराहे, बाजारों में असामाजिक तत्वों से मुक्त कराने व राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील हरकतें, अभद्र टिप्पणी की घटना को रोकने के प्रति जागरुक किया। महिला/बालिकाओं को सुरक्षा बाबत फोन नम्बर बताये। इस दौरान महिलाओं/बालिकाओं से कहा कि सभी थानों में महिला सुरक्षा/सहायता को महिला हेल्पडेस्क है। महिला पुलिसकर्मी यहां महिलाओं की शिकायत सुनती हैं। समय से निस्तारण होता है। मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा बाबत हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट बांटे। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित किया। सोशल मीडिया में प्राइवेसी रखते हुये प्रयोग करने की सलाह दी। महिलाओं/बालिकाओं को जिले में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में बताया। कहा कि सादे वस्त्रों में प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों स्कूल-कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास शोहदों/मनचलो को रोकने को पुलिस तैनात रहती है।

# बिजली कटौती से जूझ रहे पाठा के दो दर्जन गांव

### बिजली व्यवस्था में हुआ है सुधारः एक्सईएन

**अखंड भारत संदेश**



बिजली की टूटी तारें।

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजली आपूर्ति सुधारने के कडे निर्देश दिए हैं। मानिकपुर क्षेत्र के गांवों में मुख्यमंत्री के आदेश का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा।

रविवार को मानिकपुर क्षेत्र में भीषण गर्मी में जंगली क्षेत्र से सटे 25 गांवों में बिजली की भारी कटौती से लोग बिलबिला रहे हैं। बिजली की आंख मिचैनी से लोगों की रातों की नींद हराम है। क्षेत्र के टिकरिया, गिदुरहा, रानीपुर, किहुनिया, डोंडामाफी, हर्दीडांडी, रामपुर कल्याणगढ़, कोटा कंदैला, चूल्ही, अगरहुण्डा, देशाह, माराचंद्रा समेत अन्य गांवों में बिजली की कटौती बनी रहती है। टिकरिया गांव के श्यामलाल ने बताया कि पांच से सात घंटे बिजली आपूर्ति आये दिन बंद रहती है। गिदुरहा के रोहित तिवारी ने बताया कि बिजली आने- जाने का कोई समय नहीं है। कंदैला के सूरज प्रसाद ने बताया कि दो दिन पहले आंधी से बिजली की तार टूट गई थी। चार घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति बंद थी। बिजली कटौती से नलकूप नहीं चल पाते। पानी की भारी समस्या होती है। बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता दीपक कुमार सिंह ने बताया कि बिजली व्यवस्था सुधार ली गई है। केबल में फाल्ट होता है तो केबल को तत्काल बदला जाता है।



एसपी की अध्यक्षता में नये कानूनों की दी जानकारी।

# एक जुलाई से लागू होने वाले कानूनों को पढाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के आदेश पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में नये कानून की कार्यशाला हुई। रविवार को कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक ने विधि विशेषज्ञों का स्वागत-सम्मान किया। विधि विशेषज्ञों, अभियोजन अधिकारियों, शासकीय अधिवक्ताओं ने थाना/कार्यालयों के निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों, दीवान/मुन्सियों व सीसीटीएनएस का कार्य देख रहे पुलिस कर्मियों को एक जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की धाराओं बाबत विस्तार से पढ़ाया। कार्यशाला में सीओ सिटी राजकमल, सीओ मऊ जयकरन सिंह, प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा, विधि विशेषज्ञ प्रो एमपी तिवारी, विधि विशेषज्ञ प्रो शिवशंकर सिंह, विधि विशेषज्ञ प्रो डा पूर्णेंदू मिश्रा, अभियोजन अधिकारी शशिकान्त, अभियोजन अधिकारी बृजमोहन, सहायक अभियोजन अधिकारी पियूष कुमार सिंह, सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह व अन्य अभियोजन अधिकारी तथा शासकीय अधिवक्ता मौजूद रहे।

# विदेश संदेश

## सोमाली सेना ने अल-शबाब के 47 आतंकवादियों को मार गिराया



**एजेंसी**

**मोगादिशु ।** सोमालिया में सशस्त्र बलों ने देश के मध्य भाग में गलगुडुड प्रांत में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन अल-शबाब के 47 आतंकवादियों को मार गिराया है सोमाली समाचार पोर्टल मोगादिशु24 ने सूचना मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि मंत्रालय ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान पांच सोमाली सैनिक मारे गए। उल्लेखनीय है कि अल-शबाब एक सोमालिया स्थित जिहादी आतंकवादी समूह है जो अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा हुआ है। यह समूह सोमाली सरकार के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध छेड़ता है और देश में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मिशनों में बाधा डालता है।

## ईरान ने इस्लामिक देशों से इजरायल के साथ सहयोग बंद करने का आग्रह किया



**तेहरा।** ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अली बघेरी ने कहा कि इस्लामिक देशों को इजरायल के साथ राजनीतिक एवं आर्थिक सहयोग बंद कर देना चाहिए और आयात का बहिष्कार करना चाहिए। श्री बघेरी ने सीएनएन तुर्क ब्रॉडकास्टर के साथ एक साक्षात्कार में कहा,हमारी राय में इस्लामी देशों द्वारा की जाने वाली सबसे प्रभावी पहल इजरायली शासन के साथ राजनीतिक और आर्थिक सहयोग बंद करना और इसके साथ सभी आयात और निर्यात का बहिष्कार करना होगा।

## अदन की खाड़ी में फिर हुआ व्यापारिक जहाज पर हमला, हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले से जहाज में लगी आग

**लंदन।** ब्रिटिश सुरक्षा फर्म एंब्रे ने रविवार को दावा किया है कि अदन की खाड़ी में एक व्यापारिक जहाज पर मिसाइल से हमला हुआ है। हमले के चलते जहाज में आग लग गई। हमला यमन से हुआ और इसके पीछे हूती विद्रोहियों का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है।

**मिसाइल हमले में जहाज पर लगी आग**

ब्रिटेन के मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (चरूब्लह)ने बताया कि जहाज के कप्तान ने उन्हें घटना के बारे में सूचित किया। जहाज पर यमन के नजदीक अदन की खाड़ी में दक्षिण पूर्व में 80 नॉटिकल मील की दूरी पर हमला हुआ। हूती विद्रोही बीते कई महीनों से लाल सागर, अदन की खाड़ी और अरब सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इस्राइल द्वारा गाजा में हमले के खिलाफ और फलस्तीनी लोगों के समर्थन में हूती विद्रोही इन हमलों को अंजाम दे रहे हैं। सुरक्षा फर्म एंब्रे का कहना है कि जहाज के अगले हिस्से पर मिसाइल का हमला हुआ, जिसके बाद जहाज में आग लग गई। हालांकि जहाज के क्रू ने ही आग पर काबू पा लिया। जहाज पर दो मिसाइलों से हमला किया गया, लेकिन दूसरी मिसाइल जहाज से नहीं टकराई। हमले में किसी के हताहत होने और बड़े नुकसान की खबर नहीं है।

## किम की गंदी हरकत का दक्षिण कोरिया देगा जवाब, प्योंगयांग के विरोध में लाउडस्पीकर से करेगा प्रचार

**सियोल।** उत्तर कोरिया अभी तक दक्षिण कोरिया को मिसाइल और परमाणु बम की ही धमकी देता रहा है। लेकिन अब उत्तर कोरिया गंदगी भी फैलाने लगा है। उत्तर कोरिया ने हाल ही में दक्षिणी कोरिया में कूड़ा-कचरा बांधकर 150 गुब्बारे छोड़ दिए थे। इस पर दक्षिण कोरिया भड़क गया। उसने कचरे से भरे गुब्बारे उड़ाने के मामले में सख्त रुख अपनाया है। सियोल का कहना है कि एक बार फिर से व्योंगयांग के विरोध में लाउडस्पीकर के जरिए प्रचार किया जाएगा। राष्ट्रीय सुरक्षा बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक के बाद दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि लाउडस्पीकर लगाए जाएंगे और रविवार से प्रसारण शुरू हो जाएगा। इससे उत्तर कोरिया जरूर गुस्सा होगा और जवाबी सैन्य कार्रवाई कर सकता है। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उत्तर कोरिया ने सप्ताह के अंत में एक बार फिर से सैकड़ों कचरे वाले गुब्बारे यहां भेजे। उन्होंने कहा कि मई से लेकर अब तक तीसरी बार ऐसी हरकत की गई है। सेना ने पहले कहा था कि वह इस बात की जांच कर रही है कि गुब्बारों में उत्तर कोरियाई प्रचार सामग्री तो नहीं है। हालिया घटना उत्तर कोरिया के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उसने कहा था कि वह दक्षिण में कार्यकर्ताओं की ओर से सीमावर्ती इलाकों में लगातार पर्चे और अन्य कूड़ा-कचरा फैलाने के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करेगा।

# अमेरिकी खुफ़िया डेटा ने इज़रायल को बंधकों को मुक्त कराने में मदद की

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के खुफिया डेटा ने इजरायल को गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखे गए चार लोगों का पता लगाने एवं उन्हें बचाने में मदद की है।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गत सात अक्टूबर को नोवा संगीत समारोह से अपहरण किए गए चार बंधकों को बचाया। आईडीएफ ने कहा कि बंधकों के स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी है और उन्हें आगे की चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।रिपोर्ट में एक इजरायली अधिकारी का हवाला देते हुए कहा गया है कि इसके अलावा अमेरिका और ब्रिटेन के विशेषज्ञों की टीमें



इजरायल को हवाई और साइबरस्पेस से खुफिया जानकारी प्रदान करती हैं।

उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर 2023 को हमास ने इज़रायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया एवं उसके सैन्य ठिकानों पर हमला किया। हमले के दौरान इज़रायल में लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए एवं गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी।स्थानीय अधिकारियों के अनुसार गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में अब तक 36,500 से अधिक लोग मारे गए हैं। माना जाता है कि गाजा में अभी भी कुल 120 बंधक हमास के पास हैं और उनमें से लगभग एक तिहाई की मौत हो चुकी है।

## द्वितीय विश्व युद्ध लड़ने वाले पूर्व सैनिक ने 100 साल की उम्र में 96 वर्षीय प्रेमिका से की शादी

**एजेंसी**

**कैरेंटन-लेस-मरैस।** द्वितीय विश्व युद्ध लड़ने वाले अमेरिका के पूर्व सैनिक हारोल्ड टेरेंस ने 100 साल की उम्र में अपनी 96 वर्षीय प्रेमिका जीन स्वेर्लिन से शादी की। टेरेंस और स्वेर्लिन ने फ्रांस में नॉरमैंडी के डी-डे समुद्र तट पर स्थित एक 'टाउन हॉल' में शादी की। यह



वही स्थान है जहां छह जून, 1944 को मित्र देशों के विमानों के उतरने के बाद भीषण लड़ाई हुई थी जिससे यूरोप को एडोल्फ हिटलर के अत्याचार से मुक्ति दिलाने में मदद मिली। टेरेंस और स्वेर्लिन के विवाह समारोह में शामिल हुए कुछ लोगों ने द्वितीय विश्व युद्ध के समय की पोशाक पहनी हुई थीं। जीन स्वेर्लिन ने गुलाबी रंग की पोशाक पहनी थी। वहीं, टेरेंस ने हल्के नीले रंग के सूट पहना। टेरेंस ने इसे अपने जीवन का सबसे अच्छा दिन बताया और स्वेर्लिन ने कहा, प्यार केवल युवाओं के लिए नहीं हैं।

नवविवाहित दंपती को शनिवार रात को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ राजकीय रात्रिभोज के लिए एलिसी पैलेस में आमंत्रित किया गया था।

## अमेरिका ने नाइजीरिया से सैनिकों की वापसी शुरू की

**एजेंसी**

**नियामी ।** अमेरिका ने नाइजीरिया से अपने सैनिकों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों ने एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया अमेरिकी रक्षा विभाग और नाइजर गणराज्य के नाइजीरियाई राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि नाइजर से अमेरिकी सेना और संपत्ति की वापसी प्रारंभिक तैयारियों से लेकर पुन~ तैनाती तक बढ़ गई है। यह महत्वपूर्ण परिवर्तन अमेरिकी वायु सेना के सी-17 ग्लोबमास्टर 3 के 7 जून 2024 को नियामी में हवाई अड्डा 101 से प्रस्थान के साथ शुरू हुआ।

बयान में कहा गया है कि इसके अलावा कुछ अमेरिकी सेनाएं अपने मिशन समाप्त करने के बाद पहले ही नाइजर से अपने गृह स्टेशनों पर फिर से तैनात हो चुकी हैं। बयान में कहा गया है कि उसी समय हवाई अड्डा 101 और 201 से सैनिकों की वापसी में सहायता के लिए अमेरिकी सैन्य कर्मियों की एक छोटी टुकड़ी



अफ्रीकी देश में पहुंची। अमेरिका और नाइजर 15 सितंबर से पहले अफ्रीकी देश से अमेरिकी सैनिकों की वापसी पूरी करने पर सहमत हुए।

सैन्य वापसी मार्च में शुरू की गई थी जब एक नाइजीरियाई सैन्य प्रवक्ता ने कहा था कि देश की संक्रमणकालीन सरकार ने नाइजीरियाई लोगों के हितों का हवाला देते हुए अमेरिका के साथ सैन्य समझौते को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया था संक्रमणकालीन सरकार ने जुलाई 2023 में तख्तापलट करके सत्ता संभाली थी। नाइजर में अनुमानित 1,100 अमेरिकी कर्मी हैं।

## क़तर, मिस्र ने युद्धविराम समझौता नहीं होने पर हमास को परिणाम भुगतने की धमकी दी

**एजेंसी**

**दोहा।** कतर और मिस्र ने अमेरिकी प्रशासन के निर्देश पर फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नेताओं को धमकी दी है कि यदि वे इजरायल के साथ युद्धविराम के लिए सहमत नहीं हुए तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है, संपत्ति जब्त की जा सकती है, प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं और दोहा में उनकी शरणस्थली से निष्कासन किया जा सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। हालाँकि रिपोर्ट में कहा गया है कि इन प्रयासों के विपरीत परिणाम सामने आए है और हमास ने कहा है कि वह ऐसे सौदे पर सहमत नहीं होगा जो उसकी शर्तों को पूरा नहीं करते है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पिछले हफ्ते कहा था कि इज़रायल ने हमास को एक रोड मैप के साथ एक नया तीन-चरण का प्रस्ताव दिया, जिससे गाजा पट्टी में शत्रुता की स्थायी समाप्ति होगी और सभी बंधकों की रिहाई होगी। प्रस्ताव के पहले चरण में पूर्ण युद्धविराम, सभी गाजा आबादी केंद्रों से इजरायली सैनिकों की वापसी और से हिरासत में लिए गए फिलिस्तीनियों की रिहाई शामिल है। दूसरे चरण में शेष बंधकों की रिहाई के बदले में शत्रुता की



हमास द्वारा बंधक बनाए गए कुछ लोगों की रिहाई, जिनमें घायल, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हैं के साथ-साथ जेलों अनिश्चितकालीन समाप्ति शामिल है। पहल का तीसरा चरण युद्धग्रस्त गाजा का पुनर्निर्माण शुरू करना है।

# चीन से हुए सौ किलो सोने की तस्करी के मामले में कई भारतीय एजेंट गिरफ्तार

**एजेंसी**

**काठमांडू।** पिछले वर्ष चीन से नेपाल के रास्ते भारत ले जाने के लिए आए सौ किलो सोने की तस्करी के मामले में नेपाल पुलिस ने कई भारतीय एजेंटों को गिरफ्तार किया है।

नेपाल पुलिस की केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने सोने की तस्करी के मामले में भारतीय एजेंटों को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी कोर्ट में दी है। हांगकांग से मोटरसाईकिल के ब्रेक शू में रख कर विमान से काठमांडू लाया गया था। बाद में पुलिस ने सूचना के आधार पर कई ठिकानों पर छापा मारकर एक क्विंटल सोना बरामद किया था। उस समय पुलिस ने बताया था कि बरामद किए गए सोने को नेपाल के रास्ते भारत में भेजने की तैयारी थी।



सीआईबी ने विशेष अदालत में इस मामले में जो पूरक चार्जशीट जमा की है, उसके मुताबिक भारत से तस्करी के सोने को लेने के लिए नेपाल आए भारतीय एजेंटों को गिरफ्तार कर सीआईबी कस्टडी में रखे जाने की जानकारी दी गई है। चार्जशीट में दी गई जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार होने वाले में महाराष्ट्र जलगांव के 32 वर्षीय प्रशांत गणेश बजवलकर, महाराष्ट्र मुम्बई के अशोक गायकवाड, धीरज निदेश बैटे, कोलकाता के श्रीधर मजूमदार और अविनेश अग्रवाल शामिल हैं। सीआईबी ने पिछले दिनों कुछ नेपाली नागरिकों को भी गिरफ्तार करने की जानकारी दी है। चार्जशीट के मुताबिक काभ्रे के कान्छा मान लामा, बीरगंज के सुरेन्द्रमान श्रेष्ठ, धादिंग के प्रेमनाथ सेढाई, उदयपुर की उषा खत्री निरौला और तिब्बती नागरिक गंगा टासी है।

## हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र के नौ कर्मियों को बंदी बनाया

**एजेंसी**

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र के यमन में तैनात नौ कर्मियों समेत कई लोगों को हूती विद्रोहियों ने बंदी बना लिया है। बंदी बनाए गए सभी कर्मी यमन मूल के हैं। हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों को किन परिस्थितियों में बंदी बनाया गया, उन्हें कहां रखा गया है, यह अभी स्पष्ट नहीं है। यमन के बड़े इलाके पर कब्जा किए हूती विद्रोही गाजा में इजराइली हमले के विरोध में बीते सात महीनों से लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर हमले कर रहे हैं।

अमेरिकी नौसेना के नेतृत्व वाला गठबंधन भी इन हमलों को रोक पाने में सफल नहीं हो पाया है लेकिन इस दौरान अमेरिका और ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों ने यमन में हूती के कब्जे वाले इलाकों पर लगातार हमले किए हैं, उसके ठिकानों पर प्रहार किया। माना जा रहा है कि इस कारण आर्थिक तंगी महसूस कर रहे हूती ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर हमला कर दबाव बनाने की कोशिश की है।

इससे कुछ दिनों पहले ही हूती के कथित न्यायालय ने सऊदी अरब समर्थक 44 लोगों को मौत की सजा सुनाई थी। संयुक्त राष्ट्र के जो कर्मी बंदी बनाए गए हैं, उनमें मानवाधिकार परिषद, विकास कार्यक्रम और खाद्य कार्यक्रम से जुड़े थे। एक विशेष दूत को भी बंदी बनाया गया है। बंदियों में एक महिला भी शामिल है लेकिन संयुक्त राष्ट्र की तरफ से इस घटनाक्रम पर कोई बयान सामने नहीं आया है। हूती ने अपने कब्जे वाले चार प्रांतों-अमरान, होदेदा, सादा और सना में तैनात कर्मियों को बंदी बनाया है।

## इजराइल ने हमास की कैद से छुड़ाए चार बंधक, अमेरिकी खुफिया डेटा ने मुक्त कराने में की मदद

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के खुफिया डेटा ने इजराइल को गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखे गए चार लोगों का पता लगाने एवं उन्हें बचाने में मदद की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को गत सात अक्टूबर को नोवा संगीत समारोह से अपहरण किए गए चार बंधकों को बचाया।

आईडीएफ ने कहा कि बंधकों के स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी है और

जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार



गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में अब तक 36,500 से अधिक लोग मारे गए हैं। माना जाता है कि गाजा में अभी भी कुल 120 बंधक हमास के पास हैं और उनमें से लगभग एक तिहाई की मौत हो चुकी है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# पाकिस्तान में सिंध प्रांत के मुख्यमंत्री के सलाहकार का बेटा निकला डकैतों को हथियारों की आपूर्ति करने वाले गिरोह का सहयोगी

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह के वन और वन्यजीव सलाहकार बबल खान भयो के पुत्र के खिलाफ पुलिस जांच में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। इसमें दावा किया गया है कि बबल खान का बेटा अल्ताफ भयो कच्चा क्षेत्र (नदी क्षेत्र) में डकैतों को हथियारों की आपूर्ति करने वाले संदिग्धों के संपर्क में था। पाकिस्तान के समाचार चैनल एआरवाई न्यूज के इस खुलासे से सिंध की राजनीति में हलचल मच गई है। एआरवाई न्यूज ने उपलब्ध पुलिस की जेआईटी रिपोर्ट के आधार पर यह खबर प्रसारित की है। रिपोर्ट के अनुसार, यह संदिग्ध गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस ने कहा है कि अल्ताफ भयो ने संदिग्धों को खरीदने के लिए संदिग्धों को 400000 रुपये मुहैया कराए थे।



अपने पिता के सुरक्षा प्रोटोकॉल की मोबाइल वैन उपलब्ध कराई थी। साथ ही बबल खान के एक अन्य रिश्तेदार महबूब भयो ने हथियार रिपोर्ट में कहा गया है कि इश्तियाक लशारी कच्चा क्षेत्र के डकैतों को हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह का प्रमुख सदस्य है।

उल्लेखनीय है कि सिंध पुलिस ने कच्चा क्षेत्र के डकैतों को हथियारों की आपूर्ति के प्रयास को विफल कर दिया और 19 अप्रैल को शिकारपुर में कथित रूप से अपराध में शामिल तीन पुलिसकर्मियों सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया। इसके बाद सिंध के पुलिस महानिरीक्षक गुलाम नबी मेमन ने उप महानिरीक्षक लरकाना की अध्यक्षता में जांच के लिए एक जेआईटी का गठन किया था।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि गिरफ्तार किए गए संदिग्धों के कब्जे से हजारों गोलियां और दो कलाश्निकोव बरामद किए गए। प्रवक्ता ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के वन और वन्यजीव सलाहकार की सुरक्षा में तैनात पुलिस मोबाइल में हथियारों की खेप बलूचिस्तान से शिकारपुर पहुंचाई जा रही थी

जैकोबाबाद के मोलादाद पुलिस में इंस्पेक्टर इश्तियाक अहमद के शिकायतकर्ता के रूप में चार हथियार तस्करों, एक एएसआई और दो अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। इन लोगों में इख्तियार अहमद लशारी, नबील अहमद भयो, तौफीक अहमद गुज्जर, जाकिर हुसैन भयो, एएसआई इम्तियाज अहमद भयो और कांस्टेबल सनाउल्लाह मंगनहार और बकाउल्लाह उन्नार शामिल हैं। इस घटना के बाद बबल खान ने इस्तीफा देते हुए 'पारदर्शी जांच' की मांग की थी।

# लेबनान में इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह के दो सदस्यों सहित चार लोगों की मौत

**एजेंसी**

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के गांवों पर इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्यों सहित चार लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि एक इजरायली युद्धक विमान ने हौला गांव में एक घर को निशाना बनाया, जिसमें हिजबुल्लाह के दो सदस्य मारे गए और तीन नागरिक घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि एक अन्य इजरायली हवाई हमले में हवा से सतह पर मार करने वाली दो मिसाइलों के साथ एतारौन गांव के एक वाणिज्यिक बाजार को निशाना बनाया गया जिसमें दो नागरिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मारे गए नागरिकों की पहचान कॉफी शॉप के मालिक अली खलील हमद और मुस्तफा इस्सा नाम के एक युवक के रूप में की गई। इस बीच हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने इजरायल के हमले का जवाब कब्जे वाले शेबा फार्म और मलकियाह, अल-समाका, ज़ारिट और अल-राहेब सहित कई इजरायली स्थानों पर कई हमलों के साथ दिया। हिजबुल्लाह और इजरायली सेना के बीच तनाव तब बढ़ गया जब इजरायल ने उसके खिलाफ एक बड़े हमले के लिए अपनी सेना तैनाती करने की घोषणा की। यह घोषणा बुधवार को कब्जे वाले सीरियाई गोलान हाइट्स में अल-कोश बस्ती के दक्षिण में एक इजरायली सभा पर हिजबुल्लाह द्वारा ड्रोन हमले के बाद की गई।

उल्लेखनीय है कि हमास के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल की ओर लॉन्च किए गए रॉकेटों की बौछार के बाद आठ अक्टूबर 2023 से लेबनान-इजरायल सीमा पर दोनों पक्षों के बीच टकराव बढ़ गया। इसके बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर भारी तोपखाने से गोलीबारी शुरू कर दी।

## बाइडन की नई प्रतिबंध नीति लाई रंग, अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर प्रवासियों की संख्या में आई कमी

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका प्रशासन ने अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर शरण मांगने वाले प्रवासियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस बीच, अमेरिका-मैक्सिको सीमा को गलत तरीके से पार करते हुए पकड़े गए प्रवासियों की संख्या में कमी दर्ज की गई। एक वरिष्ठ अमेरिकी सीमा अधिकारी ने कहा कि यह इस बात का संकेत है कि बाइडन प्रशासन के नए प्रतिबंध कारगार साबित हो रहे हैं। करीब 3,100 लोग गिरफ्तार अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि अमेरिकी सीमा गश्ती ने अवैध रूप से सीमा पार करने वाले करीब 3,100 लोगों को गिरफ्तार किया, जो पहले के दिनों से लगभग 20 फीसदी कम है। उन्होंने आगे कहा कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि अब ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। हालांकि, हमें लगता है कि शुरुआत में ऐसे आंकड़े आना सफलता का संकेत है।